मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 145
रविवार, 07 दिसम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## आत्मविश्वास से सराबोर भारत, बना वैश्विक अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन': पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग लीग में दिखाई दे रहा है। एचटी लीडरशिप समिट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा है; जब दुनिया आर्थिक सुस्ती की बात करती है, भारत विकास गाथा लिखता है। उन्होंने कहा कि जब विश्व में विश्वास का संकट है, तो भारत भरोसे का स्तंभ है; जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप स्काईरूट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने देश में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किये हैं, इसके युवा अब नये भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा परिवर्तन केवल संभावनाओं के बारे में नहीं है। यह बदलते जीवन, विकसित होती मानसिकता और एक नई दिशा में बढ़ते राष्ट्र की सच्ची कहानी है। आज हमारे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। मैं सभी भारतीयों की ओर से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

मोदी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं जब इक्कीसवीं सदी का एक-चौथाई हिस्सा बीत चुका है। इन पच्चीस वर्षों में, दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसने वित्तीय



संकट देखे हैं। इसने एक वैश्विक महामारी का सामना किया है। इनमें से प्रत्येक स्थिति ने किसी न किसी रूप में वैश्विक समुदाय के लिए चुनौती पेश की है। अनिश्चितता के माहौल के बीच, हमारा राष्ट्र अपनी अलग पहचान बना रहा है। भारत गहरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की दूसरी तिमाही की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि भारत विश्वास के स्तंभ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, जब दुनिया मंदी की बात करती है, तब भारत विकास की गाथा लिख रहा है। जब दुनिया विश्वास के संकट से जूझ रही है, तब भारत विश्वास का स्तंभ बनकर उभर रहा है। जब दुनिया विखंडन की ओर बढ़ रही है, तब भारत एक सेतु का काम कर रहा है। भारत के लिए दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़े आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दशार्ते हैं, जो हमारी प्रगति में एक नई गति को दशार्ता है। मोदी ने कहा कि ये केवल संख्याएँ नहीं हैं। ये मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत हैं। ये बताते हैं कि भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उभर रहा है। आज, जब हम कल के परिवर्तन पर चर्चा कर रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम जिस परिवर्तन की आकांक्षा रखते हैं, वह वर्तमान के कार्यों द्वारा निर्मित मजबूत नींव में दृढ़ता से निहित है। आज हम जो सुधार कर रहे हैं और जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वे हमारे कल के परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

## सहकार टैक्सी दो साल में भारत की सबसे बड़ी सहकारी टैक्सी कंपनी बन जाएगी: अमित शाह

**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि सहकार टैक्सी सेवा अगले दो वर्षों में देश की सबसे बड़ी सहकारी टैक्सी कंपनी बनने की ओर अग्रसर है, जिसकी शुरूआत हाल में की गई थी। शाह ने कहा कि प्रायोगिक तौर पर शुरूआत के बाद से अब तक लगभग 51,000 चालक इससे पंजीकृत हो चुके हैं।

सहकारिता मंत्री शाह ने इस सेवा की शुरूआती सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमने हाल ही में सहकार टैक्सी सेवा शुरू की है, जो सहकारी आधार पर है। हमने इसे दिल्ली में प्रायोगिक तौर पर शुरू किया है।

शाह यहां महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में अर्थ समिट को संबोधित कर रहे थे। यह राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय इंटरनेट एवं मोबाइल संघ



(आईएएमएआई) द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय पहल है। शाह ने कहा कि प्रायोगिक परियोजना शुरू होने के बाद से अब तक 51,000 ड्राइवर इस सेवा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं।

उन्होंने कहा, हमारे टैक्सी चालकों को उनकी पूरी कमाई उनके बैंक खातों में मिलेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले दो वर्षों में यह टैक्सी सेवा देश की सबसे बड़ी सहकारी टैक्सी कंपनी बन जाएगी।

देश की शीर्ष आठ सहकारी संस्थाओं के समर्थन वाली ऑनलाइन सवारी सेवा भारत टैक्सी की मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रायोगिक आधार पर शुरूआत की गई।

भारत टैक्सी सेवा के तहत ग्राहक कार, ऑटो और बाइक श्रेणियों के लिए बुकिंग कर सकेंगे।

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के माध्यम से संचालित भारत टैक्सी डिजिटल ऐप पर अब तक 51,000 से अधिक ड्राइवर पंजीकृत हो चुके हैं।

## जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, 06 दिसम्बर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को उन्हें याद करते हुए कहा कि जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है, और यह एक ऐसा दिन है जो प्रेरणा देता है ( प्रेरणा दिवस )। आदित्यनाथ ने कहा, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हर भारतीय को प्रेरित किया है। वह कहते थे कि हमारी पहचान मेरे परिवार, मेरी जाति, मेरे क्षेत्र और मेरी से नहीं है। बल्कि, हर भारतीय के मन में यह भावना होनी चाहिए कि जन्म से लेकर जिंदगी के आखिरी सफर तक हमारी पहचान एक भारतीय के तौर पर होनी चाहिए। संविधान के प्रमुख शिल्पकारों में से एक आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी थे। आज ही के दिन 1956 में उनका निधन हो गया था।

## पश्चिम बंगाल में नफरत फैलाने वालीं सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: ममता बनर्जी

**कोलकता, 06 दिसम्बर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि नफरत फैलाने वाली सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार देश के संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनी एक मस्जिद की आधारशिला रखे जाने से पहले बनर्जी का यह बयान आया है। कबीर ने प्रस्तावित मस्जिद की आधारशिला से जुड़ा समारोह छह दिसंबर को यानी आज आयोजित करने घोषणा की। छह दिसंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी भी है।

तृणमूल कांग्रेस ने इस दिन को संहति दिवस (एकता दिवस) के रूप में मनाने की योजना



बनाई है और सौहार्द, शांति व विभाजनकारी तत्वों के खिलाफ संघर्ष की अपील की है।

बनर्जी ने एक्स पर लिखा, बंगाल की भूमि एकता की भूमि है। यह रवींद्रनाथ (टैगोर) की भूमि है, नजरुल (इस्लाम) की भूमि है, रामकृष्ण-विवेकानंद की भूमि है। इस भूमि ने कभी किसी विभाजनकारी कदम के सामने सिर नहीं झुकाया और वह आने वाले दिनों में भी ऐसा नहीं करेगी।

उन्होंने यह भी कहा, बंगाल में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध - जानते हैं कि कंधे से कंधा मिलाकर कैसे चलना है। हम अपनी खुशियां एक-दूसरे के साथ बांटते हैं, क्योंकि हमारा विश्वास है कि धर्म के अनुसार अपनी आस्था का पालन करना हर व्यक्ति का अधिकार है।

उन्होंने सभी को संहति दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। बनर्जी ने कहा, हमारी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ जारी रहेगी जो सांप्रदायिक नफरत की आग भड़का रहे हैं और राष्ट्र के खिलाफ विनाशकारी खेल खेल रहे हैं हम संविधान में निहित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ‖ उन्होंने आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बनर्जी ने कहा, अद्वितीय विचारक और समाज सुधारक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर नमन। भारत के संविधान के मसौदे को तैयार करने में उनका योगदान अमर रहेगा।

## दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ हर मोर्चे पर सरकार की है सक्रियता: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निवासियों को आश्वासन दिया कि सरकार राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण से निपटने के लिए हर मोर्चे पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आगे दोहराया कि दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लगातार मिशन मोड में जारी है। पत्रकारों से बात करते हुए, गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण कम करने में मदद के लिए बिजली के खंभों पर मिस्ट लगाने का काम जारी है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई मिशन मोड में बिना रुके जारी है। धुआँ, धूल, वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाना और लकड़ी जलाना - ये सभी मिलकर हवा में प्रदूषण की एक परत बनाते हैं।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण में योगदान देने वाले हर कारक पर काम कर रही है..... दिल्ली में बिजली के खंभों पर मिस्ट लगाने का काम जारी है... इसे रोकने



के लिए सरकार हर मोर्चे पर सक्रिय है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पर एक पोस्ट में बताया कि शहर के रिंग रोड की सफाई के लिए सैकड़ों स्प्रिंकलर का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सड़क सफाई नियमित अंतराल पर हो रही है, जिससे धूल और प्रदूषण कम करने में अहम भूमिका निभा रही है।

गुप्ता ने लिखा कि दिल्ली में पहली बार सैकड़ों स्प्रिंकलर वाहन राजधानी के रिंग रोड की सफाई कर रहे हैं। हमारा मिशन सबका है - प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए हर स्तर पर पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। रिंग रोड पर इन स्प्रिंकलर वाहनों के जरिए नियमित अंतराल पर सड़कों की सफाई की जा रही है, जिससे धूल और प्रदूषण कम करने में मदद मिल रही है। यह पहल वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक प्रभावी कदम है और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के सरकार के दृढ़ संकल्प को भी दशार्ती है।

इससे पहले आज, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस स्थित खैबर दर्रा चौक पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित सड़क सफाई और धुलाई अभियान में भाग लिया। कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री ने भी अभियान में भाग लिया। पर एक पोस्ट में, सीएम गुप्ता ने कहा, ₹आज, मैंने सिविल लाइंस स्थित खैबर पास चौक पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित व्यापक सड़क सफाई और धुलाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950

## थाना प्रभारी ने स्वयं को गोली मारी, इलाज के दौरान मौत

**जालौन।** जालौन जिले के थाना कुठौंद के प्रभारी निरीक्षक ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर स्वयं को गोली मार ली जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रभारी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया शुक्रवार की रात्रि लगभग लगभग 9:30 बजे कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्ष अरुण कुमार राय ने थाना परिसर के अपने आवास पर सरकारी रिवाल्वर से कथित रूप से स्वयं को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।






# कैंपस प्लेसमेंट में धांधली: नैतिकता और छात्र हितों का हनन



-ललित गर्ग

देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों-विशेषतः आइआइटीज द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर करना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता, पारदर्शिता और छात्र-हित संरक्षण को मजबूती प्रदान करने वाला साहसिक कदम है। इन कंपनियों ने छात्रों को ऑफर लेटर दिए, उनके परिवारों के भीतर आशा की किरण जगाई और अंतिम समय में बिना स्पष्ट कारण उन्हें रद्द कर दिया। यह केवल एक अनुबंध उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य, उसके मानसिक संसार और उसके सामाजिक विश्वास पर सीधा प्रहार है। आइआइटी, एनआइटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना किसी विद्यार्थी की दीर्घकालिक मेहनत और प्रतिभा की पहचान है। प्लेसमेंट और ऑफर लेटर केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवार के लिए भविष्य की सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। ऐसे में जब कंपनियां अचानक अपना वादा तोड़ देती हैं, तो विद्यार्थी केवल पेशेवर नुकसान नहीं झेलते, बल्कि मानसिक तनाव, अविश्वास और सामाजिक दबाव से भी गुजरते हैं। यह उनके मनोबल को कमजोर करता है और उनकी योग्यता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस तरह की स्थितियां बनना न केवल भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर एक चिन्ताजनक दाग है, बल्कि सरकार एवं कम्पनियों पर छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने का शर्मनाक द्योतक है।

निस्संदेह वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता, मंदी, छंटनी और बाजार उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। लेकिन इन चुनौतियों का भार छात्रों के कंधों पर डालना किसी मानवीय, पेशेवर या नैतिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। विश्वविद्यालय किसी प्रयोगशाला की तरह नहीं हैं जहां विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण स्थति में डालकर कंपनियां प्रयोग चलाती रहें। आइआइटीज का यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि छात्रों के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा तथा संस्थान उनके साथ खड़ा रहेगा। यह कदम उच्च शिक्षा की गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिभा के सम्मान की पुनर्स्थापना है। यह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी मार्गदर्शक हो सकता है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि सुरक्षित और विश्वसनीय भविष्य प्रदान करना है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना ही छात्रों के लिये एक बड़ी चुनौती होती है, छात्र इन संस्थानों के भारीभरकम आर्थिक बजट को किसी तरह पूरा करते हैं, इसके बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती है तो यह उनके जीवन को अंधकारमय बना देने जैसा है।

देश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट व्यवस्था उतनी सुदृढ़ और पारदर्शी नहीं है, जितनी आइआइटीज में। हजारों छात्र नौकरी व अवसर की आशा में बैठते हैं और कुछ कंपनियां इस स्थिति का दुरुपयोग कर ऑफर रद्द करनेह्व की प्रवृत्ति अपनाती हैं। अब आवश्यक है कि अन्य विश्वविद्यालय भी कड़ी और अनुशासित प्लेसमेंट नीति अपनाएं, कंपनियों के व्यवहार का रिकॉर्ड रखें और बार-बार गलती करने वालों को ब्लैकलिस्ट करें। यदि शीर्ष विश्वविद्यालय सामूहिक रूप से यह कदम उठाएं, तो कॉर्पोरेट जगत पर नैतिक अनुशासन का दबाव स्वतः निर्मित होगा। यह विषय अब केवल विश्वविद्यालय का मसला नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता बन चुका है। छात्रों की बेरोजगारी, अवसरों की अनिश्चितता और कंपनियों की बेहिसाब मनमानी देश की प्रतिभा को क्षति पहुंचा रही है। इसलिए सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि प्लेसमेंट अनुबंध और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए, कंपनियों के व्यवहार का राष्ट्रीय डाटा रिकॉर्ड विकसित करे, गलती करने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं और प्रोत्साहनों से वंचित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। छात्रों के संरक्षण हेतु बैकअप प्लेसमेंट समर्थन, आर्थिक सहायता और अनुबंधिक सुरक्षा उपाय जैसी व्यवस्थाएं भी विकसित की जानी चाहिए, ताकि किसी छात्र का भविष्य कंपनी की मनमानी से प्रभावित न हो।

आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है। यदि वही कंपनी अंतिम समय में बिना ठोस वजह के ऑफर रद्द कर दे, तो यह केवल पेशेवर अनुशासन की कमी नहीं, बल्कि छात्रों के साथ किया गया खुला विश्वासघात है। आज का कॉर्पोरेट जगत तेजी से बदल रहा है, उसके मूल्य और मानक बिखर रहे हैं, भारत जब दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का बनना चिन्ताजनक है। इससे भारत के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की साख एवं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है, इन्हीं स्थितियों के कारण छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये अग्रसर होते हैं।

भारत ज्ञान और युवा शक्ति का देश है। उसके शीर्ष संस्थानों की वैश्विक प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है जब प्लेसमेंट प्रक्रिया भरोसेमंद, सम्मानजनक और नैतिक होगी। कंपनियों को भी समझना होगा कि युवाओं के साथ अनुचित व्यवहार उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और समाज के साथ उनके संबंध कमजोर करता है। आइआइटी का यह निर्णय उन कंपनियों के लिए चेतावनी तो है ही, लेकिन शिक्षा जगत और नीति निमार्ताओं के लिए अवसर भी है-एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का अवसर जहां छात्र का सम्मान एवं जीवन-सुरक्षा सर्वोपरि हो। यदि संस्थान, सरकार और समाज मिलकर स्पष्ट, कठोर और नैतिक ढांचा बनाएं तो निश्चित ही युवा प्रतिभा सुरक्षित होगी और भारत की विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। इसलिए आइआइटी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है, बल्कि इसे बदलाव की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि अन्य विश्वविद्यालय, सरकार और समाज भी इसी दिशा में आगे बढ़ें, तो निश्चित ही देश की प्रतिभा को वह सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलेगा जिसकी वह अधिकारी है।

उच्च शिक्षा संस्थानों में प्लेसमेंट के नाम पर कंपनियों द्वारा छात्रों के साथ की जाने वाली धांधली, छल-प्रपंच और वायदाखिलाफी आज एक गम्भीर चिंता का विषय है। अनेक बार छात्रों को आकर्षक वेतन, उज्ज्वल भविष्य और स्थायी नौकरी के सपने दिखाए जाते हैं, किंतु चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें कम वेतन, अस्थायी अनुबंध, असंगत कार्यक्षेत्र या नियुक्ति टालने जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह विश्वासघात केवल छात्र का नहीं, बल्कि संस्थान और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का नुकसान है। अतः भारत सरकार को एक स्पष्ट, कठोर और पारदर्शी नीति बनानी चाहिए, जिसमें प्लेसमेंट देने वाली कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित हो, अनुबंधित शर्तों का पालन अनिवार्य हो तथा उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान हों। इससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा, शिक्षा-प्रणाली की गरिमा बचेगी और उद्योग जगत में विश्वसनीयता एवं नैतिकता की संस्कृति विकसित होगी। इस दृष्टि से आइआइटी प्रशासन का ताजा निर्णय कि ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाए, एक सख्त संदेश देता है कि छात्रों का सम्मान, कैरियर और भविष्य सर्वोपरि है। आज आवश्यकता इस बात की है कि दुनियाभर में अपनी पहचान रखने वाले आइआइटी और एनआइटी जैसे संस्थान इस तरह की नीति अपनाएं। इससे कंपनियों पर नैतिक और व्यावसायिक अनुशासन बनाए रखने का दबाव बनेगा। साथ ही छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा कि अन्याय होने पर संस्थान उनके साथ खड़ा होगा। इसके अलावा सरकार और उच्च शिक्षा नियामक संस्थाओं को भी इस दिशा में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। एक ऐसी केंद्रीय व्यवस्था विकसित की जा सकती है, जिसमें ऑफर लेटर रद्द करने जैसी घटनाओं का रिकॉर्ड रखा जाए और बार-बार ऐसा करने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। यह कदम न केवल छात्रों की रक्षा करेगा, बल्कि प्लेसमेंट प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित करेगा।

# हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद चाल से ममता बनर्जी की सत्ता पर मंडराया संकट



-अजय कुमार

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों हलचल मची हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो 15 साल से सत्ता की कमान संभाल रही हैं, अब चारों तरफ से घिरी नजर आ रही हैं। एक तरफ हिंदू वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर हो चुका है, तो दूसरी तरफ उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की पुरानी राजनीति भी डगमगा रही है। ताजा संकट खड़ा कर दिया है उनकी ही पार्टी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने। 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की नींव रखने का ऐलान कर उन्होंने न सिर्फ तृणमूल कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया, बल्कि पूरे राज्य की सांप्रदायिक सियासत को नई हवा भी दे दी। यह घटना महज एक विधायक का विद्रोह नहीं, बल्कि ममता की सत्ता की नींव हिला देने वाली चाल लग रही है।

हुमायूं कबीर कौन हैं, यह जानना जरूरी है। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से 2021 में तृणमूल के टिकट पर विधायक बने कबीर पहले भी विवादों के केंद्र में रहे हैं। ममता सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वे मूल रूप से कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं। 2011 में ममता के सत्ता में आने पर वे मंत्री बने, लेकिन 2015 में पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी। उन्होंने ममता पर आरोप लगाया कि वे अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को 'राजा' बनाने की कोशिश कर रही हैं। नतीजा यह हुआ कि उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। 2021 में वनवास खत्म हुआ और तृणमूल ने फिर मौका दिया। लेकिन अब फिर वही पुरानी कहानी। लोकसभा चुनाव के दौरान कबीर ने कहा था कि मुर्शिदाबाद में 70 फीसद मुस्लिम आबादी है, इसलिए हिंदुओं को भागीरथी नदी में डुबो देंगे। यह बयान सुर्खियां बटोर गया। अब बाबरी मस्जिद का राग छेड़कर वे ममता को सीधा चुनौती दे रहे हैं।

6 दिसंबर का दिन खास था। बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी पर कबीर ने बेलडांगा में शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तीन लाख लोग जुटे, 40 हजार बिरयानी के पैकेट बंटे और सऊदी से आए धर्मगुरुओं ने आशीर्वाद दिया। मंच से कबीर ने कहा कि तीन साल में मस्जिद बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने 25 नवंबर को ही ऐलान किया था कि 6 दिसंबर को नींव रखेंगे। तृणमूल ने इसे सांप्रदायिक राजनीति बताकर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। ममता ने कबीर को आरएसएस का मुखौटा करार दिया। पार्टी का कहना है कि निलंबन बाबरी मुद्दे के लिए नहीं, बल्कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हुआ। लेकिन कबीर पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि ममता मेरी हत्या भी करवा सकती हैं, लेकिन मस्जिद बनेगी। वे नई पार्टी बनाने और 90 मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं।

यह सब ममता के लिए कितना बड़ा झटका है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 30 फीसद है। 2011 की जनगणना के मुताबिक 27 फीसद थी, जो अब बढ़कर 30 के आसपास पहुंच गई। मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की भरमार है। कबीर का दावा है कि 90 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम वोट 35 फीसद से ज्यादा हैं। ममता ने हमेशा अल्पसंख्यक वोटों को सहारा बनाया। इमामों को तनख्वाह, धार्मिक जुलूसों का समर्थन सब कुछ किया। लेकिन अब कबीर की चाल से वोट बंटवारे का खतरा मंडरा रहा। भाजपा को इसका फायदा होगा, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। वीएचपी ने चेतावनी दी कि अगर बाबरी बहाने से हिंदुओं पर हमला हुआ तो कबीर और ममता जिम्मेदार होंगे। हाईकोर्ट ने भी दखल देने से इनकार कर दिया, जिससे कबीर को हौसला मिला। ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण अब उल्टा पड़ रहा है। वक्फ संशोधन कानून पर उनका यू-टर्न इसका बड़ा उदाहरण है। अप्रैल 2025 में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने दूंगी। तृणमूल ने सड़क से संसद तक हंगामा किया। मुस्लिम समुदाय खुश था। लेकिन बाद में उन्होंने पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का ब्योरा अपलोड करने की इजाजत दे दी। इससे मुस्लिमों में गुस्सा भड़का। उन्हें लगने लगा कि ममता भी भाजपा जैसी हो गई हैं। बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की तरह वादा किया, लेकिन महागठबंधन की हार देखकर रुख बदला। मुर्शिदाबाद में वक्फ विरोधी हिंसा हुई, जिसमें भाजपा ने ममता पर बांग्लादेश बनाने का आरोप लगाया। मौलाना साजिद रशीदी जैसे नेताओं ने राष्ट्रपति शासन की मांग की।

दूसरा बड़ा संकट है विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर )। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची साफ करने के लिए एसआईआर शुरू किया। ममता ने इसे अमित शाह की साजिश बताया। कहा कि अगर रोकतीं तो केंद्र राष्ट्रपति शासन लगा देता। एसआईआर से 46 लाख नाम कट सकते हैं, जिनमें ज्यादातर घुसपैठिए। ममता ने विरोध में रैलियां कीं। मालदा में कहा कि भाजपा अपनी कब्र खोद रही है। एसआईआर से 40 मौतें हुईं, जिनमें आधे हिंदू। ममता ने मुआवजा देने की घोषणा की और निगरानी टीम बनाई। लेकिन आयोग ने उनकी बाधा को नकार दिया। सीमावर्ती जिलों में वोटरों की संख्या दोगुनी हो गई, जो भाजपा घुसपैठ का सबूत बता रही। बंगाल में एक करोड़ फर्जी वोटर होने का दावा कर रही। मुस्लिम बहुल इलाकों में एसआईआर फॉर्म भरने की होड़ लगी, लेकिन ममता का विरोध जारी है। वे घुसपैठियों को सांत्वना दे रही हैं कि डरें नहीं, वापस बुलाएंगी। 20 साल पहले लोकसभा में घुसपैठ पर बवाल काटने वाली ममता अब उलट बोल रही हैं।

भाजपा इन सबका फायदा उठाने को बेताब है। 2021 में 77 विधायक जीतकर राज्य में मजबूत हुई। अब हिंदू वोट उसके पाले में हैं। वंदे मातरम विवाद से बंगाली अस्मिता जोड़ रही। मुस्लिम आउटरीच प्रोग्राम शुरू किया, ताकि बंगाली मुसलमानों को साधे। ओबीसी लिस्ट से 35 मुस्लिम जातियों को हटाने पर तृणमूल-भाजपा भिड़ गई। जाति सर्वे को भेदभाव बढ़ाने वाला बता रही। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी बंगाल में दखल दे रही, जिस पर भाजपा की मदद का आरोप है। कबीर का बीजेपी से पुराना रिश्ता रहा। 2019 में वे भाजपा से लड़े। अब कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार और भाजपा एजेंट कहा।

2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ममता की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गई। न निगलते बन रहा, न उगलते। हुमायूं कबीर का खेल कामयाब हुआ तो तृणमूल का वोट बैंक बंट जाएगा। मुस्लिम वोट भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे। बंगाल की सियासत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण तेज हो रहा। ममता को बड़ा सबक मिल सकता है। क्या वे अपनी सेकुलर छवि बचा पाएंगी? या भाजपा सत्ता की चाबी हाथ में ले लेगी? समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल हुमायूं कबीर की बाबरी चाल ने सबको चौंका दिया है। बंगाल की सड़कों पर बहस छिड़ गई है क्या यह ममता का अंतिम संकट है?

# भारत को डराकर चीन की हथियारों की आपूर्ति



अशोक भाटिया

जब दुनिया को दो देशों के बीच संघर्ष के परिणाम भुगतने पड़ते हैं, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि वह मध्यस्थता और इसे हल करेगी, जिसमें पड़ोसी नेतृत्व करेंगे। लेकिन चीन बिल्कुल इसके खिलाफ है। चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीव्र संघर्ष को एक सुनहरे अवसर के रूप में देखा। हाल ही में आई एक अमेरिकी रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पाकिस्तान के सहयोग से संघर्ष को अपने हथियारों के युद्ध के मैदान के परीक्षण में बदल दिया, जिसने बाद में मुस्लिम देशों को हथियार बेचने के लिए परीक्षण के परिणामों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने न केवल जमीन पर अपने हथियारों का परीक्षण किया। दूसरी ओर, उन्होंने पश्चिमी देशों के खिलाफ हथियारों के बाजार को मजबूत करने के लिए दुनिया भर में आक्रामक रूप से प्रचार किया। मई 2025 के संघर्ष के दौरान, चीन के कई उन्नत हथियारों का उपयोग पहली बार वास्तविक युद्ध में किया गया था, जिसमें HQ-9 वायु रक्षा प्रणाली, PL-15 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और J-10C फाइटर जेट शामिल थे। लेकिन चीन ने अपने हथियारों की प्रभावशीलता का आक्रामक प्रचार करके वैश्विक हथियार बाजार को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया ताकि दुनिया में इसकी चर्चा न हो सके।

पाकिस्तान-भारत संघर्ष के दौरान यह पहली बार था जब चीन ने सक्रिय युद्ध में आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया और चीन ने पूरे संघर्ष को एक तरह के 'फील्ड एक्सपेरिमेंट' के रूप में इस्तेमाल किया। रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पश्चिमी हथियारों के खिलाफ अपने उत्पादों को बेचने के लिए पाकिस्तान की सैन्य सफलता का फायदा उठाया। पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में दावा किया कि, पाकिस्तानी जे-10सी विमान ने राफेल समेत भारतीय वायुसेना के कई विमानों को मार गिराया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के दावे अतिरंजित हैं; लेकिन चीनी दूतावासों ने दुनिया भर में हथियारों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ये दावे किए। चीन ने सोशल मीडिया पर नकली खातों के माध्यम से भारतीय विमानों के अवशेषों के रूप में एआई-जनित छवियों और वीडियो-गेम ग्राफिक्स को प्रसारित किया, जिनका उपयोग फ्रांसीसी राफेल की छवि को धूमिल करने और अपने स्वयं के J-35 लड़ाकू विमानों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। फ्रांसीसी खुफिया का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि चीन के प्रोपेगेंडा अभियान के बाद इंडोनेशिया ने राफेल खरीद प्रक्रिया को रोक दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान चीनी हथियारों पर बहुत अधिक निर्भर है। जून में चीन ने पाकिस्तान को 40 जे-35 लड़ाकू विमान, केजे-500 और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली बेचने की पेशकश की थी। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में पाकिस्तान के हथियारों के आयात का 81 प्रतिशत चीन से आया है।

मध्य पूर्व में चीन का बढ़ता हथियार निर्यात व्यापक ऊर्जा सुरक्षा के लिए चीन के प्रयासों में निहित है, और यह प्रवृत्ति एक उभरती हुई बहुध्रुवीय वैश्विक संरचना को दर्शाती है। वैश्विक हथियार बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में चीन का उदय पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की क्षमताओं में वृद्धि से प्रेरित था। परिणामस्वरूप, उन्होंने अपने रक्षा उद्योग में सुधार किया है और अपने रक्षा उपकरणों को बेहतर बनाने के लिए सैन्य खर्च में लगातार वृद्धि की है। हथियार बाजार में चीन की भूमिका यह भूमिका बदलते सुरक्षा वातावरण के बारे में जागरूकता भी प्रदान करती है। 2012 और 2016 के बीच वैश्विक हथियारों के निर्यात में चीन की हिस्सेदारी 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। हालांकि 2016-2020 के बीच यह गिरकर 5.2 प्रतिशत हो गया है, चीन दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बना हुआ है। हालांकि अमेरिका और रूस की तुलना में इसकी हिस्सेदारी मामूली है, लेकिन यह नई तकनीक के साथ नए बाजारों में प्रवेश करने के लिए तैयार है। सेंटर फॉर नेवल एनालिसिस के एक विश्लेषण के अनुसार, चीन सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक के रूप में उभरा है। 2020 की अमेरिकी रक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, टन भार के मामले में चीन दुनिया का शीर्ष जहाज उत्पादक है। एक अन्य क्षेत्र जहां चीन सबसे आगे है वह सशस्त्र ड्रोन है। (मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), जिसे यूएवी के रूप में भी जाना जाता है)। 2018 तक, चीन ने दुनिया भर के 10 से अधिक देशों को भारी और सशस्त्र यूएवी का निर्यात किया था। चीन ने पाकिस्तानी वायु सेना के साथ संयुक्त रूप से चीनी विंग लूंग 2 ड्रोन का निर्माण करने पर सहमति व्यक्त की है।

> **2013 की SIPRI रिपोर्ट के अनुसार, चीन छोटे हथियारों और हल्के हथियारों का एक प्रमुख निर्यातक भी है। चीन हथियार खरीदने वाले देशों को लचीली भुगतान संरचनाएं भी प्रदान करता है, जो विकासशील देशों के लिए आकर्षक है, और उन देशों के लिए भी एक अच्छा विकल्प है जो सैन्य उपकरणों के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहते हैं। संबंधित देशों के शासकों को रियायतें और रिश्वत खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। चीन मुख्य रूप से हथियारों के निर्यात के व्यावसायिक लाभों में रुचि रखता है, राजनीतिक नहीं;इसके अलावा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस लेनदेन के आर्थिक लाभ बहुत अधिक हैं, और हथियार निर्यातक होने का प्रभाव, विशेष रूप से कमजोर देशों पर, समान रूप से शक्तिशाली है। चीन की व्यापक मध्य पूर्व रणनीति ऐसे उद्देश्यों का समर्थन करती है।**

2013 की SIPRI रिपोर्ट के अनुसार, चीन छोटे हथियारों और हल्के हथियारों का एक प्रमुख निर्यातक भी है। चीन हथियार खरीदने वाले देशों को लचीली भुगतान संरचनाएं भी प्रदान करता है, जो विकासशील देशों के लिए आकर्षक है, और उन देशों के लिए भी एक अच्छा विकल्प है जो सैन्य उपकरणों के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहते हैं। संबंधित देशों के शासकों को रियायतें और रिश्वत खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। चीन मुख्य रूप से हथियारों के निर्यात के व्यावसायिक लाभों में रुचि रखता है, राजनीतिक नहीं;इसके अलावा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस लेनदेन के आर्थिक लाभ बहुत अधिक हैं, और हथियार निर्यातक होने का प्रभाव, विशेष रूप से कमजोर देशों पर, समान रूप से शक्तिशाली है। चीन की व्यापक मध्य पूर्व रणनीति ऐसे उद्देश्यों का समर्थन करती है। 2016 में, इसने एक अरब नीति पत्र जारी किया और मध्य पूर्व को अपनी बेल्ट एंड रोड पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया। सहयोग खतरे में है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका मध्य पूर्व पर अपना ध्यान कम कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर फिर से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

मध्य पूर्व में, चीनी ड्रोन विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। मिस्र, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सभी को विंग लून और उल्-4 ड्रोन से लैस चीनी यूएवी प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार चीन मध्य पूर्व में यूएवी हथियारों की दौड़ को बढ़ावा दे रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व में अरब देशों को सशस्त्र ड्रोन बेचने के लिए एक प्रतिबंधात्मक निर्यात नीति लागू की है। चीन ने इस मौके का फायदा उठाकर इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने जॉर्डन को प्रीडेटर एक्सपी ड्रोन देने से इनकार कर दिया। इसके बाद देश ने CH-4B ड्रोन खरीदने के लिए चीन का रुख किया। इराक ने भी ऐसा ही रुख अपनाया। संयुक्त राज्य अमेरिका का कट्टर सहयोगी सऊदी अरब, चीनी हथियारों के शीर्ष आयातकों में से एक है। सऊदी अरब ने चीनी डीएफ-21 बैलिस्टिक मिसाइल और विंग लूंग ड्रोन खरीदे हैं। वहीं, चीन ने सऊदी अरब में संयुक्त रूप से सीएच ड्रोन बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सऊदी अरब वर्तमान में चीन को तेल का शीर्ष आपूर्तिकर्ता है। ये रिश्ते इसी तथ्य पर आधारित हैं। ईरान चीनी हथियारों के निर्यात का पहला खरीदार था। अब तक चीन ने ईरान को सिल्कवर्म और सी-802 मिसाइलें बेची हैं। दोनों ही एंटी-शिप मिसाइल हैं। इसके अलावा, चीनी डिजाइनों के आधार पर ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित की गई हैं, जिन्हें चीनी तकनीशियनों द्वारा सहायता प्रदान की गई है।

# बनारस के साथ पान इंदौर की भी सांस्कृतिक पहिचान



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

भारत में पान के सेवन का पुराना प्रचलन है। आधुनिक होते समाज में पान परिवारों से जुदा होकर पान की आधुनिक रुप से सजीधजी पान (दुकानो) शाप पर मिलने लगे है। याद करो तो स्मृति के पटल पर नानी-दादी की पान की टोकरी घूमती दिखाई देती है, जिसमे गीले कपडे में बंधे पान के पत्ते, लोंग, इलायची, सूखा कत्था, चुना, सुपारी और सरोता रखा होता था। यह नानी-दादी की सबसे कीमती टोकरी होती थी। इस टोकरी से छेड़छाड़ नाफरमानी समझी जाती थी, पान की टोकरी से छेड़छाड़ करने पर आपको नानी-दादी का कोपभाजन भी बनना पड़ता था। कुलमिलाकर कहे तो खानदानी परिवारों में चाय के बाद पान पर ही लम्बी चर्चा होती थी। पान बनाते हुए गाँव, खेत, खलियान से जुडी बातें, देश की राजनीति से जुडी सामयिक चर्चाए नाना-नानी, दादा-दादी से जुडी पुरानी बाते, मुंह के एक और पान का बीड़ा दबाए कही जाती थी।

पान केवल लबों की शान ही नही, यह स्वादिष्ट जायका है। जिसके सेवन से शरीर में स्फूर्ति आती है। दिमाग तरोंताजा हो जाता है। वैसे हर गांव, शहर, महानगर में चाय की दुकान, हेयर सेलून के बाद या पहले सार्वजनिक चर्चा और जानकारी के केंद्र यह पान की दुकान ही मानें जाते है। इसे वर्तमान समय का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की पान की दुकान के नाम पर नुकसान दायक पाउच जर्दा एवं सिगरेट की दूकानों की भरमार हो गयी है। जबकि पान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसका सेवन भोजन के उपरांत करने से हाजमा ठीक रहता है। भारत में पान कल्चर सदियों से प्रचलित है। यहां तो पान के पत्ते भी बांग्ला, मद्रास, बनारसी, कपुरी, सोहागपुरी, रामटेकी, महोवा जैसे क्षेत्रीय नामो से होते है। पान हमारी संस्कृति के ताने-बाने में कुछ इस तरह रचा बसा है की इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह सर्वमान्य और चिकित्सकीय सत्य है की पान सेहत के लिए रामबाण है। सेहत के लिए बेहतरीन पान संस्कृत के शब्द पर्ण से लिया गया है, जिसका मतलब पत्ता होता है। पान का जिक्र पौराणिक कथाओ के साथ आयुर्वेदिक औषधि के रुप में भी किया जाता है। पान का आकार मानव के दिल के आकार का होता है। इसका सेवन दिलो को जोड़ने, दिलो को खुश करने एवं दिल की बाते लबो पर लाने के लिए किया जाता है। निमाड़ की ग्रामीण संस्कृति में लगने वाले पाराम्परिक मेलों में पान का बड़ा महत्व है। यहां आकर्षक कलरफुल मसालो से भरा पान खाकर ग्रामीण महिला-पुरुष खुशी एवं आनंद से भर जाते है।

पान का भारतीय संस्कृति में महत्व का परिणाम ही है की पान से जुड़े गाने फिल्मी परदे का हिस्सा बन सके। बॉलीवुड में पान को लेकर बने यादगार गानों में अव्वल नम्बर पर वर्ष 1978 में निर्मित फिल्म डान का गीत जिसे सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने गाया था। 'खाई के पान बनारस वाला' जिसकी शूटिंग के दौरान अधिक पान खाने से अमिताभ के मुंह में छाले हो गए थै। पान चबाते चबाते उनका मुंह जल गया था। पान से जुड़े चर्चित नगमों में ' पान खाए सैया हमारे, सावली सुरतिया होंठ लाल-लाल' फिल्म शोले, 'चली आना तू पान की दुकान पर साढ़े तीन बजे' फिल्म आज का अर्जुन शामिल है। ये नग्मे अक्सर पान की रंगीन संस्कृति और उसकी मिठास को गीत के बोलो में बुनते है। इन गानों में पान को न सिर्फ एक जायके के रुप में, बल्कि भावनाओं और माहौल को रंगने वाले प्रतिक के तौर पर इस्तेमाल किया गया है।

भारत के सांस्कृतिक केंद्र इतिहास, संस्कृति एवं पर्यटन के संगम स्थल बनारस में पान का महत्व बहुत अधिक है जिसका कारण वेदों पुराणों में वाराणसी को पान का भंडार कहा गया है। काशी के राजाओ ने पान को राज सजावट और अतिथि सत्कार का हिस्सा बनाया जिसमे यह धीरे-धीरे शहर की पहिचान बन गया। एमपी का शहर इंदौर भी पान के बेहतरीन जायके के रुप में अपनी पहिचान रखता है। इस शहर में हर चौराहे पर पान कि सजी धजी दुकाने स्थित है। अभी 4 नवम्बर को इंदौर के जाने-मानें सरकारी तंबोली राम नारायण चौरसिया का निधन हो गया। यह पान के बड़े एवं पुराने व्यवसाई मानें जाते है। जिनके परिवार को होल्कर राज परिवार द्वारा सरकारी तंबोली का तमका दिया गया था। इंदौर कोठारी मार्केट के सामने स्थित पान की दुकान पर पान खाने एवं यहां लगे चित्रों, पेपर कटिंग देखकर अहसास हुआ की यह पुरानी दुकान है जिसका संबंध और निकटता होल्कर राज घराने से रही है। यहां का पान खाने में स्वादिष्ट और जायकेदार होता है। इसी शहर में पान की दुकानों पर करणावत ब्राड का प्रभाव भी दिखाई देता है। जानकारी के अनुसार करणावत की दुकानों पर बेहद स्वादिष्ट एवं अलग-अलग किस्मो के पान मिलते है। इंदौर शहर में करणावत की 45 से अधिक दुकाने संचालित है। इन्होने पान के साथ अब भोजन प्रसादी के भी आउट लेट खोले है जो 80 से 100 रू में भोजन कराते। पान के साथ भोजन प्रसादी करणावत परिवार कि सेवा गतिविधि कही जा सकती है। इतनी कम राशि में सम्मान से भरपेट भोजन वह भी आउटलेट खोलकर वह भीस्वयं सेवा के यह स्टाल करणावत कि ख्याति में चार चाँद लगा रहे है। इंदौर में करणावत पान का अपना जायका है। इस पान की विशेषता लबों को सुर्ख कर देने वाला कत्था है। सूत्रों के अनुसार इंदौर की दुकानों के लिए स्पेशल कत्था एक ही स्थान से पहुंचाया जाता है।

पान भारत के हर प्रदेश में मिलता है। यह भोजन उपरांत आमजन की जबान की मांग को दशार्ता है। मुंबई में पान की दुकानों को देखने पर पाया की यूपी के चौरसिया यहां अधिकांश पान दुकानों के संचालक है। लखनऊ में पान के नवाबी अंदाज के दर्शन हुए। हर शहर में पान के अपने रंग है। किंतु अब पान की यह दुकाने मानव शरीर को नुकसान पहुंचाने वाली तम्बाकू, कीमाम, चटनी और नुकसान दायक पाउच का इस्तेमाल बहुतायत में करने लगी है। पान की दुकानों पर पान कम पाउचो की लड़िया करीने से सजी होकर युवा वर्ग को आकर्षित करती है। राज्य सरकारों को तम्बाकू युक्त जहरीले जानलेवा पाउचों पर सख्त प्रतिबंध लगाना चाहिए। महाराष्ट्र राज्य में यह प्रतिबंध राज्य सरकार ने लगाया किंतु जानकार सूत्र बताते है की तम्बाकू युक्त पाउचों की तस्करी पड़ोसी सीमावर्ती राज्यों से की जाती है। यह तस्करी महाराष्ट्र और गुजरात से बड़े पैमाने पर जारी है। इंदौर से धुलिया, नाशिक, पूना, मुंबई और अन्य महानगरो में ट्रेवल्स की बसों के माध्यम से नकली गुटका महाराष्ट्र पहुंचाया जाता है। गुजरात से भी तम्बाकू युक्त नकली पाउच महाराष्ट्र जाने की चर्चाए आमजन के मध्य चलती रहती है। तस्करी के इस गौरख धंधे में महाराष्ट्र, एमपी एवं गुजरात पुलिस का भष्ट्र रवैय्या नागरिक समाज के शारीरिक सुधार के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को पलिता लगाने वाला है। शुद्ध पान जिसमे लोंग,इलायची, सौंफ, चुना, कत्था, पिपरमेंट युक्त हो मानव शरीर के लिए औषधि का कार्य करता है।

पान बनारस में जहां संस्कृति की पहिचान है। बरसो से काशी के पान विश्व विख्यात है। आज भी बनारस के पान स्वाद से भरपूर है। इंदौर में भी पान का इतिहास राजा महाराजों के दरबार से जुडा है। इंदौर के सरकारी तम्बूली की दुकान पर दिखा पुराना इतिहास तो यही कहता प्रतीत हो रहा है, जिसे करणावत ने नया जायका दिया है।

# गोपाल शेट्टी ने की शुक्ल कम्पाउंड के निवासियों को संरक्षण देने की मांग

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने मुंबई शहर के झोपड़पट्टी (स्लम) निवासियों, जिनमें मुख्य रूप से दहिसर (पूर्व) स्थित शुक्ला कम्पाउंड के निवासी शामिल हैं, के विभिन्न लम्बित मुद्दों को लेकर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। उन्होंने एक निवेदन सौंपकर आगामी शीतकालीन अधिवेशन में मुंबई के नागरिकों को न्याय दिलाने की पुरजोर माँग की है। शिवदयाल मिश्रा ने बताया कि आज तक जिस भी विषय को गोपाल शेट्टी ने अपने हाथ में लिया है उनमें उन्हें सौ प्रतिशत जीत मिली है। उसी तरह ही शुक्ला कम्पाउंड के लोगों को भी न्याय मिलेगा। सबसे अधिक वोटों से जीत कर आने वाले नेता थे गोपाल शेट्टी, अपने काम से जाने जाते हैं। पूर्व काल में जनता द्वारा उन्हें दिए गए वोट का कर्ज चुका रहे हैं। बता दें की, दहिसर (पूर्व) के रावलपाड़ा स्थित शुक्ला कम्पाउंड के बेदखली विवाद पर अब



प्रभावित निवासी और उनके प्रतिनिधि लगातार प्रशासनिक एवं कानूनी स्तर पर पैरवी कर रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने स्पष्ट किया है कि वे पिछले ४० वर्षों से अधिक समय से यहाँ वैध रूप से निवास कर रहे हैं और नियमित रूप से किराया तथा कर भर रहे हैं। इसके बावजूद, विकासक और कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत से अचानक शुरू की गई बेदखली की कार्रवाई को उन्होंने पूरी तरह से अन्यायपूर्ण बताया है।

निवासियों का कहना है कि उनके पास व्यावसायिक लाइसेंस, अनुमतियाँ (परमिट) और अन्य आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें महानगरपालिका की धारा ३५१ के माध्यम से नोटिस जारी कर बेदखल करने का प्रयास किया गया। इससे कई छोटे उद्यमी जिनकी आजीविका इन्हीं गलियों पर निर्भर है, उनका कारोबार भी संकट में आ गया है।

पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की लगातार कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर पैरवी की है। उन्होंने स्लम पुनर्वास प्राधिकरण से बस्ती को झोपड़पट्टी (स्लम) घोषित करने का आग्रह किया है, और एसआरए ने इस प्रक्रिया के शुरू होने की पुष्टि भी की है। इसके बावजूद भी बेदखली की कार्रवाई को रोका नहीं गया है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। प्रतिनिधियों ने पुनः यह माँग रखी है कि विधानसभा अध्यक्ष आगामी अधिवेशन से पहले सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की तत्काल एक संयुक्त बैठक बुलाएँ। यह बैठक निष्पक्ष जाँच के साथ एक स्थाई समाधान सुनिश्चित करेगी और ४० वर्षों से बसे इन परिवारों को न्याय दिलाएगी। पीड़ित निवासियों का कहना है कि उन्हें प्रधानमंत्री की सभी को पक्का घर की नीति पर पूर्ण विश्वास है और वे उम्मीद करते हैं कि महाराष्ट्र सरकार भी २०१८ के झोपड़पट्टी संरक्षण कानून के अनुसार उन्हें संरक्षण प्रदान करेगी।

निवासियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी बस्ती को वैध रूप से झोपड़पट्टी घोषित नहीं किया जाता और बेदखली की कार्रवाई पर रोक नहीं लगती, वे अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ता से आवाज उठाते रहेंगे। इस विषय को लेकर जनसेवक गोपाल शेट्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात कर शुक्ला कम्पाउंड के निवासियों को संरक्षण देने की माँग की है।

## भिवंडी के बीएनएन कालेज में फिल्म मेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के पद्मश्री अण्णा साहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल द्वारा संचालित बीएनएन कालेज में मासमीडिया विभाग द्वारा शुरू किये गये फिल्म मेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता डा. दिलीप वाघ ने कहा कि इंसान की जिंदगी एक पेंट बाक्स की तरह होती है। अपनी जिंदगी को खूबसूरत बनाने के लिए स्टूडेंट्स को एक खूबसूरत कैरियर की तस्वीर बनानी होगी। इसके लिए स्टूडेंट्स को बड़े सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए क्योंकि बिना मेहनत के जिंदगी में कुछ भी हासिल नहीं होता। ऐसा करते समय अपने माता-पिता के प्यार की भी कद्र करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभिनेता डा. हरि कोकरे, महासचिव और रोहित जाधव, प्राचार्य डा. शशिकांत म्हालुंकर, उप प्राचार्य डा. सुधीर निकम, डा. सुरेश भदरगे, डा. कुलदीप राठौड़, डा. निनाद जाधव, रजिस्ट्रार नरेश शिरसाले, समाजसेवक उदय पाटिल, प्रो. भीमराव पाईकराव, प्रा. शिवम भानुशाली आदि के साथ भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर अभिनेता डा. हरि कोकरे ने छात्रों को फिल्मों के सामाजिक महत्व और समाज पर उनके प्रभाव और छात्रों के लिए फिल्म क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में मार्गदर्शन किया। जबकि महासचिव रोहित जाधव ने कहा कि संस्था का प्रबंधन हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि छात्रों को संस्था के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विभिन्न अवसर मिलें। कार्यक्रम का परिचय प्रा. अंकुश चव्हाण ने दिया। मुख्य अतिथियों का परिचय प्रा. गणेश पानझड़े ने दिया।

## भिवंडी मनपा ने भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पहार अर्पण कर किया गया अभिवादन



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर को उनके 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर जहाँ पूरे देश में श्रद्धांजलि दी जा रही है वहीं भिवंडी मनपा की ओर से मनपा मुख्यालय परिसर में डा. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्ण आकृति वाली प्रतिमा पर मनपा उपायुक्त विक्रम दराडे और पूर्व सभागृह नेता विकास निकम के शुभ हाथों से पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन किया। इसके बाद उपायुक्त विक्रम दराडे ने मुख्यालय भवन के भूतल पर भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर के चित्र पर पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन किया। फिर मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी रामप्रसाद सोलुंके ने पुराने मुख्यालय भवन के पास भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर के अर्ध प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन किया। इस अवसर पर उप आयुक्त (कर) बालकृष्ण क्षीरसागर, सहायक आयुक्त (चुनाव) अजीत महाडिक, प्रभाग समिति क्रमांक 1 के प्रभाग अधिकारी मकसूम शेख, प्रभाग समिति क्रमांक 4 के प्रभाग अधिकारी गिरीश घोष्टेकर, सूचना व जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी, आरोग्य विभाग प्रमुख फैसल तातली, उप अभियंता (विद्युत) ज्ञानेश्वर वाघमारे, परवाना विभाग प्रमुख स्नेहल पुण्यार्थी, शहर विकास विभाग प्रमुख समीर जवरे, वैद्यकीय आरोग्य विभाग कार्यालयीन अधीक्षक नितेश चौधरी, वाहन विभाग प्रमुख शेखर चौधरी, मुख्य आरोग्य निरीक्षक जयवंत सोनावणे, पूर्व नगरसेवक सिद्धेश्वर कामूर्ति, सेवानिवृत्त शहर अभियंता लक्ष्मण गायकवाड़ सहित मनपा के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुंबई हैक्स 2025 का सफल आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के नेस्को में एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब द टेक एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई और मेड इन मुंबई द्वारा आयोजित मुंबईहैक्स 2025 ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा एजेंटिक एआई हैकाथॉन बनने का गौरव हासिल किया। शहर के तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह गैर-लाभकारी पहल अब मुंबई को देश के उभरते एआई नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है। यह आयोजन एचसीएलटेक, जो एक अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी है, द्वारा प्रस्तुत किया गया। 1 करोड़ रुपय के नकद पुरस्कार और रिवॉर्ड विजेता टीमों को प्रदान किए गए जिन्होंने नवाचार की नई परिभाषा प्रस्तुत की। इनमें शामिल हैं– हेल्थटेक श्रेणी के विजेताः दर्शन खापेकर, श्रवणी रासम, आदिल शाह और अल्फिया सिद्दीकी; फिनटेक श्रेणी के विजेताः हिमांशु शर्मा और हेमिश जैन; और मिसइन्फॉर्मेशन ट्रैक की विजेता मुंबई की ऑल-वुमन टीम – सेजल चौधरी, सुप्रिया नायक, शंभवी पाटिल और आकृति सिंह। इस दौरान एचसीएलटेक टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़ा रहा, जबकि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री वैद्यनाथन के नेतृत्व में बैंकिंग पार्टनर की भूमिका से आगे बढ़कर सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में 3,500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 900 महिलाएँ भी शामिल थीं–जो कुल प्रतिभागियों का 27% थीं। प्रतिभागियों ने फिनटेक, हेल्थटेक और मिसइन्फॉर्मेशन डिटेक्शन–इन तीन निर्धारित ट्रैक्स में एआई की संभावनाओं को आगे बढ़ाते हुए नवाचारपूर्ण समाधान विकसित किए। कार्यक्रम को और प्रेरक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों के उद्यमी मेंटर के रूप में जुड़े। इन मेंटर्स ने पूरी रात प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया, उनकी परियोजनाओं को परिष्कृत करने में मदद की और सर्वश्रेष्ठ टीमों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टेक क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए, मुंबई की एक ऑल-वूमेन टीम ने मिसइन्फॉर्मेशन ट्रैक में शानदार जीत हासिल की।

## लोनावला में कार-ट्रक की टक्कर में गोवा के दो पर्यटकों की मौत



**लोनावला।** महाराष्ट्र के लोनावला हिल स्टेशन पर शनिवार तड़के एक कार और मिनी ट्रक के बीच हुई टक्कर में गोवा के दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों पर्यटक गोवा से आए 14 लोगों के एक समूह का हिस्सा थे, जो पिकनिक मनाने पुणे जिले के लोनावला पहुंचे थे।

पुलिस के मुताबिक, दोनों पर्यटकों को ले जा रही तेज रफ्तार कार हिल स्टेशन के लायन्स पॉइंट के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। लोनावला ग्रामीण थाने के एक अधिकारी ने बताया, यह दुर्घटना शनिवार तड़के हुई। कुछ स्थानीय लोगों ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार में दो लोगों को फंसा हुआ पाया।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान योगेश सुतार (21) और मयूर वेंगुर्लेकर (24) के रूप में हुई है, जो गोवा के मापुसा के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, हादसे में ट्रक चालक भी घायल हुआ है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए पर्यटकों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## शाम- ए -गजल में आम से खास लोगों का लगा जमावड़ा

**लाल शेखर सिंह**

**वसई ( उत्तर शक्ति )।** समाज ने जब जब सेवा का अधिकार विश्वास के साथ धर्मनिष्ठ व्यक्ति के हाथों में सौंपा तब तब क्षेत्र में विकास की गंगा प्रवाहित हुई।धर्म,संस्कृति और कला से प्रेम करने वाला व्यक्ति सृजनात्मक भाव में रहकर लोकमंगल और देशहित के प्रति सतत प्रयत्नशील रहता है।इस प्रकृति के लोग कभी किसी की हानि नही कर सकते हैं।नालासोपारा सहित मुम्बई और आसपास के क्षेत्रों में विजेन्द्र सिंह भी ऐसे ही धर्मनिष्ठ और कला-संस्कृति से प्रेम करने वाले व्यक्ति के रूप में ख्याति प्राप्त है।

पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज के शिष्य और हम रामजी के रामजी हमारे हैं सेवा ट्रस्ट परिवार मुम्बई के कोषाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह विगत कई वर्षों से वसई-नालासोपारा क्षेत्र में अनेक रामकथाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मुख्यआयोजक और धार्मिक अनुष्ठानों और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवक एवं कला प्रेमी बिजेंद्र सिंह द्वारा वसई पूर्व स्थित ब्राडवे एवर शाइन के एम्बर बैंक्वेट हॉल में ₹एक शाम गजल के नाम₹संगीत संध्या का आयोजन किया गया।गजल संध्या में सुप्रसिध्द गजल गायक



अंकित सारंग की सुमधुर प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध होकर झूमते थिरकते नजर आ रहे थे।इस गजल संध्या में बहुजन विकास आघाडी पार्टी के पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर पूर्व सभापति निलेश देशमुख, पूर्व नगरसेवक वैभवपाटील और बहुत सारे बहुजन विकास आघाड़ी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्य कताओं का समागम था।₹शाम ए गजल₹ कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और उत्तर भारतीय समाज के विशिष्ट लोगों की भी उपस्थिति रही। वसई-विरार क्षेत्र के आम से खास लोगों के बीच बिजेंद्र सिंह द्वारा आयोजित 'शाम ए गजल' कार्यक्रम सुरुचिपूर्ण प्रीतिभोज के साथ हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर बिजेंद्र सिंह ने समाज के प्रति अपने सेवा के संकल्प को दोहराते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ऐसे में महानगर पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है, सभी राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।पालघर जिले में ओवैसी की राजनीतिक पार्टी एआईएमआईएम दस्तक दे चुकी है,जिसका सीधा लाभ बहुजन विकास आघाडी को मिल सकता है।क्षेत्र में 'बहुजन विकास आघाडी' के विकास कार्यों की चर्चा आम लोगों के बीच सुनने में आ रही है।ऐसे में लगता है कि आगामी महानगर चुनाव में बहुजन विकास आघाडी पार्टी विगत 30 वर्षों से किये गए अपने विकास कार्यों के बूते अपने सभी विरोधी पक्ष को शिकस्त देकर वसई-विरार महानगर पालिका पर अपनी विजय दर्ज कर पुनः अपना महापौर बना सकती है।बहुजन विकास आघाडी पार्टी अपने संगठन को चुस्त दुरुस्त करते हुए समाज में स्वच्छ छवि रखने वाले लोंगो को मैदान में उतारने का मन बना चुकी है।सूत्रों की माने तो राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा है कि सहज, सरल स्वच्छ छबि रखने वाले बिजेंद्र रामचंद सिंह को यदि बहुजन विकास आघाडी पार्टी वार्ड 22 से अपना प्रत्याशी बनाकर उतारती है तो बिजेंद्र सिंह की जीत सुनिश्चित है।

## डोंबिवली में 80 मराठी सिने कलाकार खेलेंगे क्रिकेट

◆दो दिन तक चलेगा क्रिकेट संग्राम

◆प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के हांथो हुवा उद्घाटन

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली के जिमखाना ग्राउंड पर मराठी मनोरंजन जगत के 80 से अधिक लोकप्रिय कलाकार एक मैदान पर उतरेंगे। दो दिन तक चलने वाले इस रोमांचक क्रिकेट संग्राम का आयोजन डोंबिवलीकर संस्था ने किया है। यह उपक्रम आमदार तथा भाजपा प्रदेशअध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की डोंबिवलीकर - एक सांस्कृतिक परिवार की संकल्पना से साकार हुआ है। इस स्पर्धा में 8 दिग्गज महानुभावों को आदरांजली देने के लिए उनके नाम से संघ बनाए गए हैं।



इनमें निळू फुले संघ, भालजी पेंढारकर संघ, दादासाहेब फाळके संघ, रंजना संघ, पु. ल. देशपांडे संघ, दादा कोंडके संघ, व्ही. शांताराम संघ और भक्ती बर्वे संघ शामिल हैं।

प्रत्येक संघ में मराठी फिल्म जगत के लोकप्रिय कलाकार शामिल हैं, जैसे सिद्धार्थ जाधव, हार्दिक जोशी, संजय जाधव, तितिक्षा तावडे, प्रवीण तरडे, प्रथमेश परब, विजू माने और अनुजा साठे। दो दिन तक डोंबिवली में क्रिकेट, उत्साह, कलाकारों की धमाल और मनोरंजन का झंझावात देखने को मिलेगा। मैदान पर कलाकारों की फिल्डिंग, बॅटिंग, चौकार-षटकारों का वर्षाव और एक दूसरे के बीच मैत्रीपूर्ण टक्कर यह सब प्रेक्षकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देंगे।

## कल्याण पश्चिम में मतदाता सूची में अनेको खामियां

### जबतक सुधार नही तबतक चुनाव नही - पूर्व विधायक नरेंद्र पवार

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पश्चिम में मतदाता सूची में बड़ी संख्या में दोहरे मतदाता हैं, इसलिए सूची जबतक सुधार नही होता तक चुनाव नहीं कराए जाने चाहिए - पूर्व विधायक नरेंद्र पवार ने शनिवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुवे कहा । कल्याण पश्चिम में एक पैनल में लगभग 1800 दोहरे मतदाता हैं, जो एक विशिष्ट समाज के मतदाता हैं। इसे देखते हुए, कल्याण डोंबिवली में चुनाव तब तक नहीं कराए जाने चाहिए जब तक मतदाता सूची में सुधार नहीं हो जाती, ऐसी मांग कल्याण पश्चिम के भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार ने की है।




नरेंद्र पवार ने कहा कि कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने एक अधिसूचना जारी कर मतदाता सूची से 80 हजार दोहरे मतदाताओं के नाम हटाने की घोषणा की है, लेकिन कल्याण पश्चिम के पैनल नंबर 1, 5 और 7 में मतदाता सूची में लगभग 1800 दोहरे मतदाता पाए गए हैं। नरेंद्र पवार ने संदेह व्यक्त किया कि इतनी बड़ी संख्या में दोहरे मतदाताओं के नाम होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि इतनी स्वतंत्र यंत्रणा होने के बावजूद मतदाता सूची में इतनी बड़ी संख्या में गड़बड़ी कैसे हुई है?

नरेंद्र पवार ने चुनाव आयोग से हरकतें लेने और सूची को त्रुटिहीन बनाने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे न्यायालय में भी जाएंगे।

## 12 से 19 दिसंबर के बीच होगा आगरी यूथ फोरम आयोजित आगरी महोत्सव

### इस वर्ष भी होंगे विभिन्न सामाजिक और प्रबोधनात्मक उपक्रम



**डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली में आगरी यूथ फोरम द्वारा आयोजित 21वां अखिल भारतीय आगरी महोत्सव आगामी 12 से 19 दिसंबर के इस कालावधि में डोंबिवली स्थित संत सावळाराम महाराज म्हात्रे क्रीड़ा संकुल में संपन्न होने वाला है। इसकी पूर्वतैयारी की जानकारी देने हेतु आज आगरी यूथ फोरम की ओर से पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया। पत्रकार परिषद में आगरी यूथ फोरम के अध्यक्ष गुलाब वजे, इस वर्ष के मुख्य अध्यक्ष शरद पाटिल, रामकृष्ण पाटिल, जालिंदर पाटिल, पी.जी. म्हात्रे, रामनाथ ठाकूर, बंडू पाटिल, जितू भोईर, राम पाटिल तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े उत्साह और भव्य स्वरूप में अखिल भारतीय आगरी महोत्सव का आयोजन होने वाला है, ऐसा गुलाब वजे ने बताया।

इस वर्ष भी महोत्सव में विभिन्न सामाजिक और प्रबोधनात्मक उपक्रम संचालित किए जाने की जानकारी आयोजकों द्वारा दी गई है।

## अमित साटम ने ठाकरे परिवार पर बोला हमला

### महापालिका चुनाव किसी परिवार की जागीर नहीं

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह आज संपन्न हुआ। यह कार्यालय वॉर्ड क्रमांक 47 में ग्रीन पार्क, लिंक रोड, मलाड पश्चिम में स्थित है। जिसका उद्घाटन भाजपा मुंबई अध्यक्ष विधायक अमित साटम द्वारा हुआ। इस चुनाव कार्यालय के भव्य उद्घाटन समारोह में गोपाल शेट्टी (पूर्व सांसद), गणेश खणकर (भाजपा मुंबई महामंत्री), आचार्य पवन त्रिपाठी (भाजपा मुंबई महामंत्री ), तेजिंदर सिंग तिवाना (भाजपा युवा मोर्चा मुंबई अध्यक्ष), दीपक (बाला) तावडे (जिल्हाध्यक्ष उत्तर मुंबई भाजपा), जया सतनाम सिंग तिवाना (पूर्व नगरसेविका) सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



चुनाव कार्यालय के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर भाजपा मुंबई अध्यक्ष विधायक अमित साटम ने उपस्थित वार्ड 47 की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि नो प्रॉस्पर्टी विदाउट सिक्योरिटी और मुंबई को असुरक्षित करने के प्रयास की शुरूआत मलाड विधानसभा क्षेत्र से हो रही है। इस्लामिस्ट कट्टरपंथियों की मोडस ऑपरेंडी यह है कि ये पहले खाली जमीनों पर कब्जा करते हैं, वहाँ अवैध निर्माण कर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाते हैं, फिर अपने राजनीतिक प्रभाव का प्रयोग कर उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवा देते हैं और चुनावों में इन्हीं के माध्यम से वोट जिहाद करते हैं। आगामी चुनाव मलाड की बदलती डेमोग्राफी को रोकने का चुनाव है, गोरेगाँव स्पोर्ट्स क्लब, एवरशाइन गुरुद्वारा जैसी संस्थाओं पर इस्लामिक कट्टरपंथियों का कब्जा रोकने का चुनाव है और हमारी आने वाली पीढ़ियों की रक्षा करने का चुनाव है। ठाकरे बंधुओं के एक साथ आने के प्रश्न पर मीडिया को उत्तर देते हुए अमीत साटम ने कहा कि मुंबई महानगरपालिका किसी परिवार की जागीर नहीं है, यह फैमिली बिजनेस नहीं है। मुंबई महानगरपालिका मुंबईकरों की है।भारतीय जनता युवा मोर्चा मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर सिंग तिवाना ने कहा कि यह कार्यालय केवल चुनावी रणनीति का केंद्र नहीं है, बल्कि यह भारतीय जनता पार्टी और स्थानीय नागरिकों के बीच एक 'सेवा केंद्र' और 'संवाद सेतु' के रूप में कार्य करेगा।

जनता की सेवा और जन-जन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और महाराष्ट्र के विकास पुरुष मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा महाराष्ट्र व मुंबई में किए गए विकास के संदेश को पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। देवेंद्र के नेतृत्व में मुंबई के समग्र विकास का और मुंबई को विश्वस्तरीय शहर बनाने के हमारे संकल्प को पूरा करने के लिए यह कार्यालय दिन-रात कार्य करेगा। यह चुनाव कार्यालय अब वॉर्ड 47 के नागरिकों के लिए 247 सेवा केंद्र के रूप में भी काम करेगा,चाहे राशन कार्ड बनवाना हो, पानी की समस्या हो या कोई सरकारी योजना से वंचित नागरिक हो, यहाँ हर समस्या का समाधान होगा।

**उत्तरशक्ति**
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
**पत्राचार कार्यालय :**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# गौराबादशाहपुर पुलिस ने अन्तर्जनपदीय गैंग के 8 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

## चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर (क्ष्हर) आयुष श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में दिनांक 05.12.2025 को थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा 08 शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से चोरी की 10 मोटर साइकिलें बरामद की है। पूर्व घटना, दिनांक 04.12.2025 को वादी प्रिंस पाण्डेय पुत्र विरेन्द्र पाण्डेय ग्राम नैपुरा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर द्वारा तहरीर दिया गया कि दिनाँक 28.11.2025 को अज्ञात चोर के द्वारा वादी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस न0 यूपी62 एएस3122 चोरी कर लिया गया है। इस तहरीर के आधार पर थाना गौराबादशाहपुर पर मु0अ0सं0 277/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।



बरामदगी का विवरण- 10 चोरी की मोटरसाइकिल का विवरण, मो0सा0 पर अंकित संख्या यूपी50एएन0047, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP62BD3752, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP62CO1073, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP62CS1443, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP62AR9424, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP51BM8247, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP65DA9026, मो0सा0 पर अंकित संख्या UP 62CH7090, मो0सा0 पर अंकित संख्या RJ17SM4114, मो0सा0 पर अंकित संख्या CHOICC0164।

**आरोपीगण का नाम व पताः** शिवम यादव उर्फ बड्डू पुत्र शंकर यादव निवासी ग्राम इमली थाना जफराबाद जनपद जौनपुर, सोनू यादव पुत्र राजनरायन यादव निवासी बालेमऊ थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, सिकन्दर यादव पुत्र जवाहिर यादव निवासी कबीरूद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, शशिकान्त यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी मोलापुर थाना केराकत जनपद जौनपुर, रतन सागर उर्फ छोटू यादव पुत्र सोमारू यादव निवासी उदियासन थाना केराकत जनपद जौनपुर, हेमन्त यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी कौवापार थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, सत्यम पाल पुत्र स्व0 पन्नालाल पाल निवासी गजना थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर, अभिषेक यादव पुत्र कल्लू निवासी करमौना थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर।

आरोपीगण से पूछताछ पर बता रहे है कि हम सभी लोग मिलकर जौनपुर व अन्य गैर जनपदो से मो0सा0 चोरी कर-के उसका नम्बर प्लेट बदलकर प्रयोग मे लाते है तथा मो0सा0 को उचित दामो मे बेच कर उससे अर्जित पैसो को आपस मे बांटकर अपनी आवश्यताओ की पूर्ती करते है।

# देश के विकास के लिए सबसे जरूरी है शिक्षा: डॉ.विनोद सिंह

पीयू में मनाया गाय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर शनिवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से जुड़े शिक्षक विद्यार्थी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने हमारे संविधान में न केवल अधिकारों को समाहित किया है, बल्कि कर्तव्यों का भी उल्लेख किया है। हमारा संविधान विश्व के सबसे सुंदर और प्रभावी दस्तावेजों में से एक है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब को श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है जब विद्यार्थी शिक्षित बनेंगे और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे, तभी सही मायने में देश का विकास संभव हो सकेगा।

विधि विभाग के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निभाने का संदेश देता है।

जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि मीडिया की भूमिका लोकतंत्र में बेहद महत्वपूर्ण है। बाबा साहब के आदर्शों को सतत जन-जन तक पहुँचाना जनसंचार का परम कर्तव्य है। हमें उनकी सोच को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वहीं दहाडेगा।

रज्जू भैया संस्थान के डॉक्टर नितेश जायसवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के युवाओं को बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाकर जीवन में न्याय, समानता और स्वाभिमान के मार्ग पर चलना चाहिए। यह दिवस हमें उनके संघर्षों को स्मरण करा कर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर देता है।



विधि विभाग के डॉ. अनुराग मिश्रा ने कहा कि संविधान के माध्यम से लोकतंत्र के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना बाबा साहब की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें इसका सम्मान करते हुए संविधान की भावना को स्थापित करना चाहिए।

फामेर्सी विभाग के डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक स्तंभ हैं। बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर हम हर क्षेत्र में समानता और न्याय सुनिश्चित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के इस आयोजन में उपस्थित सभी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और शिक्षाओं का अंगीकार करने तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

विधि विभाग के डॉ. मंगला प्रसाद ने कहा कि अंबेडकर जी का स्पष्ट मानना था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों की शिक्षा, समान अधिकार और आपसी भाईचारे पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा था ' शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह संदेश आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

डॉ. राजित राम सोनकर ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि उनके सिद्धांतों को केवल स्मरण ही न करें, बल्कि अपने व्यवहार और कार्यों में उतारें। समाज में सौहार्द, संवेदनशीलता, और मानवता की भावना को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अक्षय प्रताप, अंकुल सोनकर, गौरव कुंद्रा ने परीक्षा नियंत्रक को बाबा साहेब का चित्र भेंट किया। संचालन गौरव कुंद्रा और धन्यवाद ज्ञापन अजीत राव ने किया। समारोह के बाद परीक्षा नियंत्रक और शिक्षकों ने अंबेडकर प्रतिमा परिसर में पौधरोपण किया।

समारोह में प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. मनोज पांडेय, डा. दिनेश सिंह, श्रीप्रकाश यादव, जीशान अली, अंकित कुमार, राहुल राय, करूणा निराला, मोनू कुमार, दीपू गौतम, वीरू गौतम ,शिवम कुमार, शुभम गौतम, मूल चंद गौतम, शिवांगी गौतम, नीतिश कुमार, बबिता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

# सफाई कर्मी से मारपीट, आक्रोशित सफाईकर्मियों ने आरोपित के घर के बाहर लगाया कूड़ों का ढेर

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रतिदिन की भांति नगर पालिका के सफाई कर्मी कूड़ा गाड़ी लेकर कूड़ा उठाने निकले मगर नगर के आजमगढ़ रोड स्थित महिला चिकित्सालय के पास एक युवक पर सफाईकर्मियों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए हड़ताल कर दिया।





### नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने किया हड़ताल, छह घण्टे में चरमराई सफाई व्यवस्था

बताया जाता है की दो सफाई कर्मचारी और एक ड्राइवर चार पहिया वाहन लेकर शनिवार की सुबह कूड़ा गाड़ी लेकर आजमगढ़ रोड के कूड़ों के उठान के लिए गया था।की महिला अस्पताल के पास एक युवक से कूड़ा उठाने को लेकर कुछ विवाद हो गया।आरोप है की एक मनबढ़ युवक ने दो सफाई कर्मचारियों को कई थप्पड़ रसीद कर दिया।

### कार्यवाई की मांग पर माने नगर पालिका के कर्मचारी

अधिकारियों के काफी समझाने बुझाने के बाद सभी कर्मचारियों ने कार्यवाई के आश्वसन पर हड़ताल समाप्त किया और लगभग छह घण्टे के बाद कूड़े को आरोपित के घर के बाहर से जेसीबी मशीन से ट्रॅक्टर पर लाद कर हटाया।

### आक्रोशित सफाइ कर्मचारियों ने जेसीबी से कूड़ा उठाकर सड़क पर गिराया

मामला बढ़ता देख मौके पर प्रभारी निरीक्षक केके सिंह अपने हमराहियों को लेकर पहुंचे और आक्रोशित कर्मचारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया मगर बात नही बन पाई। सफाई कर्मचारी आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते एक ट्रैक्टर पर भरे कूड़ों को सड़क के बीचों बीच गिरा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया।मगर नगर पालिका के अधिकारियों और पुलिस के समझाने पर कूड़ा सड़क से तो हटा दिया। मगर जेसीबी से सारे कूड़ों को आरोपित के घर दुकान के बाहर गिरा दिया।

### नही मिली कोई तहरीरः प्रभारी निरीक्षक

इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक केके सिंह ने बताया की अभी तक कोई लिखित तहरीर नही मिली है अगर तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्यवाई की जॉयेगी।

# लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पोखरे से मिला युवक का शव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

## पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम हाउस, परिजनों में मचा कोहराम

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। आखिरकार शनिवार को गोताखोरों और बनारस से आई एसडीआरएफ टीम की कड़ी मशक्कत के बाद पोखरे में डूबे युवक का शव को किसी तरह पोखरे के सेवाल में फँसे शव को पानी से बाहर निकाला। मौके पर जुटी भारी भीड़ को पुलिस ने किसी तरह नियंत्रित किया।



बतातें चले की कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरौना निवासी 35 वर्षीय राजू राजभर पुत्र लालचंद शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे क्षेत्र के नटोली स्थित साव का पोखरा में नहाने गया था। जहां से वह पानी मे लापता हो गया था।पुलिस ने काफी खोजबीन की मगर कुछ पता नही चल सका था। इसके बाद पुलिस ने खुटहन से छह गोताखोरों को बुलवाया।मगर घण्टो मेहनत के बाद भी सिर्फ शव का तो पता चला लेकिन उसे बाहर निकालने में सफलता नही मिली।

शनिवार की सुबह बनारस से आई एसडीआरएफ की टीम ने आठ घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग कुल मिलाकर 28 घण्टे बाद पोखरे के सेवाल में फँसे मृतक के शव को बाहर निकाल पाने में सफल रही।

वही शव निकाले जाने के बाद मौके पर मौजूद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। म्रतक के दो बेटे हैं।एक सात वर्ष जबकि दूसरा नौ वर्ष का है।

इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक केके सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया की शव को पानी से बाहर निकाल लिया गया है। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# नाबालिग लड़की की रचाई जा रही थी शादी

## चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम ने संज्ञान लेकर की कार्रवाई

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। शुक्रवार दिनांक 5 दिसंबर 2025 की रात्रि, सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर, पुलिस चौकी सुकृत स्थित ग्राम बट बनतरा में एक नाबालिग लड़की का विवाह किया जा रहा था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने संबंधित चौकी को सूचित किया और सुधा गिरी, धर्मवीर, तथा सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचकर बालिका को संरक्षित किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम का सूचना यदि आपको ऐसी किसी घटना की जानकारी मिलती है, तो तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन (1098) या स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। आपकी सूचना किसी की जिंदगी बदल सकती है चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सोनभद्र।



# कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के समाजसेवी पिता के निधन से जिले में शोक की लहर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह डब्बू के 75 वर्षीय पिता अमर बहादुर सिंह का शुक्रवार की रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनके अचानक निधन की सूचना मिलते ही राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह से ही उनके पैतृक गांव शिवापार में लोगों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शुभचिंतक पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन है। अमर बहादुर सिंह स्वर्गीय पूर्व विधायक तेज बहादुर सिंह के छोटे भाई थे और क्षेत्र में सरल स्वभाव तथा सामाजिक कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित माने जाते थे। परिजनों ने बताया कि रात में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनकी हृदयगति रुक गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। निधन की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# अब फैमिली आईडी के आधार पर सीधे खाते में आएगा वृद्धावस्था पेंशन का पैसा

## यूपी के बुजुर्गों के लिए खुशखबरी

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन को पारदर्शी व सरल बनाया है। अब पात्र वृद्धजन की फैमिली आईडी के माध्यम से पेंशन बिना देरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी। अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देशित दिया है कि इसको संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए, ताकि प्रदेश का कोई भी पात्र वृद्धजन पेंशन पाने से वंचित न रहे।

**बिना आवेदन स्वतः** तय होगी पात्रताः नई व्यवस्था के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। फैमिली आईडी में मौजूद आयु और परिवार के विवरण से पता चल जाएगा कि कौन-कौन पेंशन के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, जो लोग अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूरे करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में अपने-आप जुड़ जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों की सहमति से एसएमएस या फोन कॉल के माध्यम से भुगतान समय पर सुनिश्चित करें।

**मामलों का तुरंत निस्तारणः** नई व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र जांच, संदिग्ध सूची तैयार करना, गलत भुगतान रोकना और डेटा की नियमित समीक्षा जैसे विशेष कदम लागू किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या दुरुपयोग की संभावना न रहे। मृतक या अपात्र लाभार्थियों के मामलों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश भी दिए हैं।

पायलट परीक्षण 5 जिलों में शुरू होगा। यह नई पेंशन प्रणाली सबसे पहले अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती जिलों में पायलट आधार पर लागू की जाएगी। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों को 30 दिनों के अंदर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वृद्धजन इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को सम्मानजनक पेंशन सुनिश्चित की जाए। फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दीर्घकालिक राह दिखाएगा। प्रदेश के लाखों वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

# जलेबी दौड़ में नमन, मेढ़क दौड़ में आसिफ ने मारी बाजी

## रचना विशेष विद्यालय में हुआ खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विश्व दिव्यांग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को रचना विशेष विद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब जौनपुर सूरज के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम संयोजक व पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ संतोष साहू बच्चा तथा अन्य अतिथियों में पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ आनंद स्वरूप व राजेन्द्र खत्री उपस्थित थे।

खेलकूद प्रतियोगिता में चम्मच दौड़ में नैतिक गौतम, सुई-धागा में माही, मेढ़क दौड़ में आसिफ, जलेबी दौड़ में नमन प्रजापति, टाफी दौड़ में मजाहिर, केला दौड़ में आदित्य व गुब्बारा दौड़ में जहरा फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और अध्ययन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आशीष त्रिपाठी ने सभी बच्चों के उज्जवल एवं सफल भविष्य की कामना करते हुए इनके अन्दर छिपी हुई रचनात्मक कला को बाहर लाने के लिए संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।





विशिष्ट अतिथि संतोष साहू बच्चा ने कहा कि समाज को दिव्यांग बच्चों के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए आगे आकर इन्हें आत्म निर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गौतम चन्द, समन्वयक सचिन यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. संतोष कुमार सिंह, विशेष शिक्षकगण रविरंजन, जितेन्द्र, नीरज तिवारी, बबिता सिंह, दामिनी यादव, नीतू यादव, होरेन्द्र मौर्या, लाल साहब यादव, रश्मि पाण्डेय व पत्रकार सै. गुलाम अब्बास जैदी, का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन व आभार नसीम अख्तर द्वारा किया गया।

# मेडिकल कालेज के वार्षिकोत्सव प्रवाह-2025 का पाँचवा दिन शांति और उत्साह के साथ सम्पन्न

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के प्रधानाचार्य प्रो० आर०बी० कमल के कुशल नेतृत्व में नोडल वार्षिक उत्सव प्रवाह 2025 डा० मुदित चौहान एवं डा० आदर्श कुमार यादव व डा० पूजा पाठक के द्वारा आज वार्षिक उत्सव के पांचवे दिन शांतिपूर्ण और उत्सवमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मेडिकल कॉलेज का वार्षिक उत्सव ₹प्रवाह 2025₹ अपने पांचवे दिन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पूरे परिसर में उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता की अनूठी छाप देखने को मिली। दिन की शुरूवात सौहार्द और अनुशासन से भरे माहौल में हुई, जहाँ छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विभिन्न शैक्षणिक, खेल सांस्कृतिक आयोजनों ने प्रतिभागियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।

दिनभर चले कार्यक्रम में वॉलीबॉल, लंबी कूद, बैडमिंटन तथा चेस की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें छात्रों एवं चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वॉलीवॉल प्रतियोगिता पांचवे दिन की सबसे आकर्षक प्रतियोगिताओं में से एक बॉलीबॉल मैच रहा, जो छात्रों और चिकित्सको के टीमों के बीच खेला गया। रोमांच और शानदार खेल कौशल से भरपूर मुकाबले में चिकित्सकों की टीम विजेता रही। चिकित्सको की टीम की समन्वय क्षमता और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना का केंद्र बना।

बैडमिंटन प्रतियोगिता- बैडमिंटन का मुकाबला डा० जितेन्द्र और डा० नवीन सिंह के बीच खेला गया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार मुकाबले को अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाया। अंततः बेहतर लय और नियंत्रण को प्रदर्शन करते हुए डा० जितेन्द्र वितेजा रहे।

चेस प्रतियोगिता- बौद्धिक कौशल और रणनीतिक सोच से भरपूर चेस प्रतियोगिता में मुकाबला प्रो० आशीष यादव और डा० दिग्वेश के बीच हुआ। खेल के हर चरण में रोमांच बना रहा। निर्णायक क्षणों में बेहतर रणनीति अपनाते हुए डा० दिग्वेश विजेता घोषित किए गए।



लंबी कूद प्रतियोगिता में एम०बी०बी०एस० पैरा 1 की छात्रा पलक कुमारी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर विजेता का स्थान प्राप्त किया। उनकी छलांग न केवल प्रतियोगिता की सबसे प्रभावशाली रही, बल्कि दर्शकों से भी खेब प्रशंसा प्राप्त की। पलक कुमारी का यह प्रदर्शन कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल रहा।

पांचवे दिन के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय ने अपने प्रेरणदायी आशीर्वाद वचनों से चिकित्सा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों एव कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रवाह 2025 न केवल खेल एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं का मंच है, बल्कि यह संस्थान की सामूहिक शक्ति, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है।

अन्त में प्रधानाचार्य महोदय ने कहा मैं सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देता हूँ। आपका यह उत्साह और समर्पण हमारे संस्थान की गरिमा को बढ़ाता है। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य हो यही मेरी शुभकामना है। ज्ञान, सेवा और मानवीय संवेदनाओं के मार्ग पर अग्रसर रहकर आप समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अवश्य सफल होंगे। प्रधानाचार्य महोदय ने आयोजन समिति, स्वयंसेवकों और सभी योगदानकताओं की सराहना करते हुए आने वाले दिनों के लिए शुभकानाएँ भी प्रेषित की।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रो० आशीष यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो० ए०ए० जाफरी , डीन रिसर्च प्रो० रुचिरा सेठी, डीन एकेडमिक प्रो० तबस्सुम याशमीन, स्पोर्ट कमेटी अध्यक्ष, प्रो० उमेश कुमार सरोज, प्रो० भारती यादव, प्रो० साधना अजय, डा० विनोद, डा० जितेन्द्र कुमार, डा० अरविन्द पटेल, डा० सी०बी०एस० कर्नल पटेल, डा० अनुज सिंह, डा० सरिता पाण्डेय, डा० राजश्री यादव, डा० स्वाती विश्वकर्मा, डा० अचल सिंह, डा० रोहित कुमार सरोज, डा० चन्द्रभान, डा० आशुतोष सिंह, डा० संजीव यादव, डा० विनोद वर्मा, डा० नवीन सिंह, डा० अर्चना, डा० अनिल कुमार, डा० प्रियंका सिंह, डा० रेनू , डा० अरविन्द यादव, डा० बृजेश कन्नौजिया, डा० अजय, डा० पंकज, डा० जयंत शर्मा, डा० संदीप सिंह, डा० दिग्वेश, डा० मतीन अहमद एवं एम०बी०बी०एस० व पैरामेडिकल छात्र/छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की हर मूर्तियों की सुरक्षा के लिए भाजपा सरकार बनाएगी बाउंड्रीवालः योगी

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। सीएम योगी ने शनिवार को कहा, बाबा साहब की मूर्तियों के साथ अक्सर शरारती तत्व छेड़छाड़ करते हैं। हमारी सरकार निर्णय ले रही है कि बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि उनकी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिस मूर्ति के ऊपर छत नहीं होगी, वहां छत बनवाएंगे। यदि कहीं कोई काम छूट गया है, तो उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



आज इस पावन अवसर पर मैं बाबा साहब की पावन स्मृति को नमन करता हूं। अभी यहां लालजी प्रसाद निर्मलजी ने चतुर्थ श्रेणी संविदा सफाई कर्मियों की समस्या का उल्लेख किया। हमारी सरकार ने इस पर निर्णय ले लिया है। कॉरपोरेशन का गठन किया गया है और अगले एक-दो महीनों में यह सुनिश्चित कर दिया जाएगा कि हर चतुर्थ श्रेणी के कर्मी और संविदा कर्मी को न्यूनतम मानदेय की गारंटी सरकार की ओर से मिले। यह कदम भी सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हम सबको यह समझना होगा कि जो भी सुविधाएं और सम्मान आज वंचित वर्गों को मिल रहा है, वह बाबा साहब की दी हुई प्रेरणा का ही परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में देश नए भारत की ओर बढ़ रहा है। पंचतीर्थ का निर्माण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति योजनाएं यह सब बाबा साहब के समानता और आत्मसम्मान के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य है। डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि अर्पित किया। हजरतगंज स्थित आंबेडकर महासभा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील के पाठ से हुआ।

# इनामिया गौ-तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 145/2025, धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवाजी निषाद उर्फ कर्नल पुत्र प्रभाकर उर्फ दिवाकर निषाद, निवासी ग्राम कुचमरवा (ककराही), थाना करमा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 33 वर्ष, काफी समय से फरार था, पुलिस अभिषेक वर्मा द्वारा 5000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने दी श्रद्धांजली



**कांदिवली, मुंबई।** भारत का संविधान लिखने वाले महान संविधान शिल्पकार, गरीबों के मसीहा और ज्ञान के अथाह सागर भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मनपा शताब्दी अस्पताल परिसर (कांदिवली-पश्चिम) में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब के विचार और कार्य हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी और मार्गदर्शक रहे हैं। उनके समानता के विचारों पर चलने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। उनका संघर्ष व चिंतन भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। आयोजन में जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ विधायक मनिषा ताई चौधरी, विधायक योगेश सागर तथा पूर्व नगरसेवक कमलेश यादव सहित उत्तर मुम्बई भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

## जौनपुर शहर के बलुवाघाट में मजलिसे तरहीम आज

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** मजलिसे तरहीम मरहूम सैय्यद इकबाल कमर इब्ने सैय्यद अफजाल हुसैन मरहूम राष्ट्रीय फुटबाल खिलाडी और उनकी पत्नी मरहूमा हसन बांदी बिन्ते डा एम हसन बेग मरहूम प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की मजलिस-ए-तरहीम का आयोजन आगामी 07 दिसम्बर रविवार को आयोजित किया गया है। नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मोहल्ला बलुआघाट मेंहदी वाली जमीन पर प्रोग्राम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। जिसमे सबसे पहले सोजख्वानी को अंजाम देंगे मरहूम नजर हसन एडवोकेट के हमनवा मेंहदी जैदी अपने मकसूस अंदाज में बयान करेगे। उसके बाद पेशखानी के लिए डॉ. शोहरत जौनपुरी,शाहिद हुसैन तल्ख जौनपुरी व मेंहदी नजराने अकीदत पेश करेगे। इसके फौरन बाद मजलिस को खेताब करेंगे मौलाना सैय्यद मुज्जफर हसनैन साहब मुजफ्फरनगर बाद खत्म मजलिस अंजुमन शमशीरे हैदरी बेगम गंज नौहाख्वानी और सीनाजनी करेंगी। बानिये मजलिस पत्रकार हसनैन कमर दीपू ने तमाम मोमनीन से ज्यादा से ज्यादा तादात में शिरकत की गुजारिश की है।

## क्षेत्र कल्याणार्थ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम संपन्न, पूणार्हुति हवन शुरू



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** महाराजगंज बिहार के सिवान जिला अंतर्गत 112 महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक हेमनारायण साह के महाराजगंज प्रखंड के कसदेवरा गांव स्थित निवास पर आयोजित 24 घंटे के अखंड अष्टयाम रविवार के दिन पूर्वाह्न सम्पन्न हुआ तदोपरांत 11 बजे दिन से पूणार्हुति हवन का शुभारंभ शुरू होकर अपराह्न 3:30बजे संपन्न हुई। इस दौरान पूजन,कीर्तन भजन व आरती की गई। मंत्र जाप के साथ अखंड हवन,दीप व रामचरित मानस का पाठ हुआ। विद्वान एंडी विनोद पांडे ने बताया कि हरे राम..हरे कृष्ण मन्त्र महामंत्र हैं। अस्थियां कार्य में विधायक हेमनारायण साह के साथ पुत्र डॉ गौरव कुमार, ई सुमित कुमार, ई अमित कुमार के अलावा विधायक के सभी परिवार के सदस्य शामिल थे। विद्वान पंडित विनोद पांडे ने कहा कि यदि शुद्धता व सच्चे हृदय से ईश्वर का नाम लिया जाए तो सभी असम्भव सम्भव हो सकता हैं। हवन कार्य पूरा होने के बाद विशाल जनता जनार्दन का भोजन कार्य कराया गया, जो रविवार की देर रात तक सम्पन्न हुआ।

## एसआईआर अभियान को 100 प्रतिशत पूरा करें: विधायक तूफानी सरोज




**केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान की अध्यक्षता में शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में सोशल इंफॉर्मेशन रिपोर्ट अभियान को तेजी से पूरा करने पर जोर दिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि बाबा साहब की बदौलत ही हमारा अस्तित्व है। एसआईआर को 100 प्रतिशत पूरा करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक ने र.कफअभियान में सक्रिय जोन प्रभारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और सेक्टर प्रभारियों को सम्मानित भी किया। कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अभियान को मिशन मोड में पूरा करें। अध्यक्षीय भाषण में नीरज पहलवान ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी है। सदन में गृह मंत्री ने कहा था कि ह्यजितना अंबेडकर-अंबेडकर करते हैं, उतना भगवान को याद करते तो भगवान मिल जाते। हमारे लिए बाबा साहब ही भगवान हैं। उन्हीं की बदौलत हमें अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने संकल्प लिया है कि 2027 में किसान, छात्र, नौजवान, महिला एवं दलित विरोधी सरकार को हटाकर ही चैन से बैठेंगे। कार्यक्रम में सुरेश यादव, रामेश्वर मौर्या, लुकमान अहमद, सत्यनारायण यादव, रामराज राजभर, अखिलेश सरोज, भगवती सरोज, डॉ. हरिराम, रामसमझ प्रधान, शमशेर बहादुर, मनोज चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन ने किया।

## तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजित




**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देश के क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इसी क्रम में तहसील मछलीशहर के सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, पथरगड्डी, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत बढ़ी हुई इन्यूमरेशन अवधि 11 दिसंबर 2025 तक सभी लोगों से गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को देने की अपील की जिससे लोकतंत्र के महापर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा सके।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**बक्सा, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** विकास खंड बक्सा के अंतर्गत न्याय पंचायत बरपुर में शनिवार को शासन के निर्देश अनुसार खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक और बालिकाओं के खेल का आयोजन हुआ। खेलकूद में खो-खो ,कबड्डी दौड़ , ऊंची कूद, लंबी कूद, प्रदर्शन आदि का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विकास खंड बक्सा के ए आर पी सुशील कुमार, रणजीत एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। जिसमें इंद्रजीत पाल, श्रीमती उषा यादव, मंजू यादव, विनोद उपाध्याय, ओम प्रकाश यादव, राजेश सिंह, परवीन बानो, सरिता गुप्ता, सोनम सिंह, राहुल यादव तथा खेल के प्रशिक्षक प्रदीप यादव, मोहम्मद दिल नवाज लोग उपस्थित रहे विजेता टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा ब्लॉक स्तर रैली के लिए टीम का चयन भी किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम प्रधान राजेश कुमार ,प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के प्रयासों से संपन्न हुआ।

# डोंबिवली में क्रिकेट का बड़ा धमाका : 80 मराठी फिल्मी सितारे उतरेंगे क्रिकेट के मैदान में




डोंबिवली। डोंबिवली इस सप्ताहांत एक अनोखे क्रिकेट और ग्लैमर के संगम का साक्षी बनने जा रहा है। डोंबिवली जिमखाना ग्राउंड पर मराठी मनोरंजन जगत के 80 से अधिक लोकप्रिय कलाकार पुरे दो दिनों तक जबरदस्त क्रिकेट मुकाबलों में आमने-सामने होंगे। मराठी सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग के तहत आयोजित यह टूनार्मेंट 6 और 7 दिसंबर 2025 को खेला जा रहा है। इस आयोजन की पहल डोंबिवलीकर संस्था ने की है, जो विधायक एवं भाजपा महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की डोंबिवलीकर एक सांस्कृतिक परिवार की संकल्पना पर आधारित है। इस बार प्रतियोगिता की खास बात यह है कि मराठी सिनेमा के 8 महान दिग्गजों को सम्मान देने के लिए टीमों के नाम उनके नाम पर रखे गए हैं। पहली टीम है निळू फुले टीम, जिस की कप्तानी कर रहे हैं सिद्धार्थ जाधव। टीम में नुपूर दुधवाडकर, वरद चव्हाण, ऋषिकेश पाटील, तेजस बर्वे, सुप्रीत कदम, शिव ठाकरे, ऋतुजा लिमये और ऋतुजा कुलकर्णी शामिल हैं। दूसरी टीम भालजी पेंढारकर टीम, इस टीम की कमान हार्दिक जोशी के हाथ में रहेगी, जिनके साथ ऋतुराज फडके, आकाश पेंढारकर, अमोल नाईक, नचिकेत लेले, सौरभ चौगुले, रोहित शिवलकर, कीर्ती पेंढारकर और धनश्री काडगावकर यह कलाकार मैदान में उतरेंगे। तीसरी टीम दादासाहेब फाळके टीम, इस टीम के कप्तान संजय जाधव है। माधव देवचक्के, सुजय डहाके, आदिश वैद्य, प्रदीप मिस्त्री, विजय आंदळकर, जगदीश चव्हाण, जयंती वाघधरे और नम्रता प्रधान शामिल हैं। चौथी टीम रंजना टीम, जिसे तितिक्षा तावडे लीड कर रही हैं, उनकी टीम में सिद्धार्थ बोडके, आशिष कुलकर्णी, प्रणव रावराणे, प्रसाद बर्वे, गौरव घाटणेकर, उमाकांत पाटील, शांतनु भाके और अमृता रावराणे शामिल हैं। पांचवी टीम - पु. ल. देशपांडे टीम, इस के कप्तान प्रवीण तरडे हैं। उनकी टीम में अभिजीत कवठाळकर, अजिंक्य जाधव, सागर पाठक, विराट मडके, चिन्मय संत, अंशुमन विचारे और राधा सागर शामिल हैं। छठी टीम दादा कोंडके टीम है, जिसके कप्तान प्रथमेश परब हैं। इस टीम में विजय पटवर्धन, पृथ्वीक प्रताप, गौरव मोरे, रोहन मापुस्कर, विशाल देवरुखकर, कृणाल पाटिल, मयुरी मोहिते और संजना पाटील शामिल हैं। सातवीं टीम व्ही. शांताराम टीम, इस टीम के कप्तान विजू माने हैं। इस टीम में संदीप जुवाटकर, विनय राऊळ, सुमित कोमुर्लेकर, अभिजीत चव्हाण, महेश लिमये, ओमप्रकाश शिंदे, प्राजक्ता शिसोदे और गौरी इंगवले शामिल हैं। आखिरी टीम भक्ती बर्वे टीम है, जिसकी कप्तान अनुजा साठे हैं। इस टीम में सौरभ गोखले, वैभव चव्हाण, हर्षद अटकरी, अंगद म्हसकर, अक्षय वाघमारे, आनंद काळे, विशाल निकम और रिया राज भाग ले रहे हैं।

## रियलमी ने भारत में रियलमी पी4एक्स और रियलमी वॉच 5 पेश की

**पटना(उत्तरशक्ति)।** भारत के सबसे लोकप्रिय यूथ स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी पी सीरीज ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लॉन्च किए हैं। रियलमी पी4एक्स 7000एमएएच बैटरी के साथ अपने सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन है। वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जो ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ मिलकर बनाई गई है। ये प्रोडक्ट्स हर कैटेगरी में शक्तिशाली दैनिक परफॉर्मेंस, बेहतर ए.आई क्षमताएं और डिजाइन-फर्स्ट इनोवेशन प्रदान करने की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। रियलमी पी4एक्स में रियलमी ने चिपसेट एफिशिएंसी, बैटरी एंड्योरेंस और ए.आई आधारित प्रोडक्टिविटी में को काफी अपग्रेड कर दिया है। यह उन युवा ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो ऑन-द-गो रहते हुए मल्टीटास्किंग, पढ़ाई, गेमिंग और क्रिएट करते हैं। रियलमी वॉच 5 एक मेक इन इंडिया वॉच है, जो एक बोल्ड नए डिजाइन में बेहतर फिटनेस, हेल्थ और कम्युनिकेशन का अनुभव प्रदान करती है।

# शाहगंज में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** ब्लाक स्तरीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता स्थान पू0 मा0 विद्यालय पोरईकला, शाहगंज मे हुई। जिसमें परिषदीय स्कूलों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जोश के साथ दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो सहित खेलकूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर और फीता काट कर व हरी झंडी दिखाकर किया। अतिथियों को बुकें प्रदान कर, बैंच लगाकर व कैप लगाकर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज बसन्त कुमार शुक्ल ने अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

गणेश वंदना, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पू0मा0 वि गुरैनी, प्रा0वि0 गोरारी व प्रा0वि0 धौरइल की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करना रहा।

लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज बसन्त कुमार शुक्ल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और



सामाजिक विकास के साथ उनके सर्वांगीण विकास में खेल-कूद का बहुत योगदान है। इससे हार-जीत को स्वीकार करना, और नई प्रतिभाओं की पहचान होती है। प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल-कूद स्पर्धा में हिस्सा लिया, न्याय पंचायत स्तर की टीमों ने भाग लिया।

जिसमें प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर दौड़ बालक में अमी यादव बरंगी प्रथम, जीशान रानीमऊ द्वितीय, अनुराग बड़ऊर तृतीय, बालिका वर्ग में आरोही बरंगी प्रथम, डिम्पल मेहरांवा द्वितीय, करीना बड़ऊर तृतीय, 100 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक वर्ग में रविकांत सबरहद प्रथम, फरहान खलीलपुर द्वितीय, श्रेयांश बड़ऊर तृतीय, बालिका वर्ग में अंशिका रूधौली प्रथम, गोल्डी बड़ऊर द्वितीय, लक्ष्मी खलीलपुर तृतीय रहे। कबड्डी में प्राथमिक बालक वर्ग और बालिका वर्ग में पीएम कयार प्रथम, रुदौली द्वितीय, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में रहें। खो-खो जूनियर बालिका वर्ग में पू0मा0वि0 मुड़ेला प्रथम, पीएम वि0 कयार द्वितीय रहे। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता रेफरी व्यायाम शिक्षक अरुणेश कुमार यादव रहें। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में आशीष सिंह, सूर्य प्रकाश प्रजापति, वीरेंद्र यादव, राजेश निषाद, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष, राम बहाल, सूर्य प्रकाश रहें। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि यादव, नोडल अशोक मौर्य, वीरेंद्र कुमार, अशोक सोनकर, अभिषेक सिंह, शजल सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, ओम प्रकाश वर्मा, जीतेन्द्र गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्या, मोहम्मद खालिद, राजबहादुर यादव, रुपेश सिंह, पंकज सिंह, वीरेंद्र यादव देवमणि त्रिपाठी, ध्रुवराज योगी, नेम चन्द्र, प्रमोद शुक्ला, अनिल चौधरी आदि सहित शिक्षक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# धरा धाम इंटरनेशनल परिवार द्वारा डॉ. निक्की शर्मा का जन्मदिन श्रद्धा व आत्मीयता से मनाया गया



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** धरा धाम इंटरनेशनल परिवार की ओर से संगठन के प्रमुख सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय ने धरा धाम पीठ स्थल पर धरा एंबेसडर, अंतर्राष्ट्रीय लेखिका एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. निक्की शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सतत यश की कामना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष प्रार्थना की। इस शुभ अवसर पर विश्व की सबसे कम आयु की अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने भी डॉ. निक्की शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रेरक व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान की सराहना की।

समारोह में प्रथम भूमिहार महिला समाज, मुंबई की संस्थापक करुणा सिंह अपनी पूरी टीम के साथ संगठन की ओर से डॉ. शर्मा को बधाई दी। अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार, लेखक, विचारक एवं धरा धाम इंटरनेशनल के धरा गवर्नर डा शंभू पंवार,हैंड्स फॉर होप फाउंडेशन की ओर से ब्रिजलेश दुबे (दीपक), सुष्मिता पी. वाघेला, भामिनी जैसवाल, ममता पाण्डे, तन्वी एवं क्षमा पालकर के साथ-साथ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं देहदानी मिसेज इंडिया डॉ. रागिनी पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिला संघटक मीरा-भाईंदर निशा नार्वेकर ने भी जन्मदिन की बधाई दी, जबकि नगरसेवक प्रत्याशी हरीश जांगिड़ जी ने शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। प्रसिद्ध लेखन अखबार के कार्यकर्ता गणपत परिहार जी ने भी अपनी शुभेच्छाए व्यक्त की। समग्र वातावरण सौहार्द, सेवा, साहित्य और सामाजिक एकता के संदेश से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

# वाराणसी में इंडिगो की आठ उड़ानें स्थगित, यात्रियों ने एयरपोर्ट पर काटा बवाल

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** जनपद में इंडिगो एयरलाइन के लगातार उड़ान निरस्तीकरण से शनिवार को वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया। सुबह से ही यात्रियों ने इंडिगो काउंटर पर हंगामा किया और एयरलाइन पर गंभीर आरोप लगाए। यात्रियों का कहना था कि उन्हें सही और समय पर जानकारी नहीं दी जा रही है, न ही यात्रा के लिए टिकट उपलब्ध कराया जा रहा है। एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा बार-बार सिर्फ टिकट निरस्त कराने की सलाह दी जा रही थी और सही जानकारी भी नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों का आरोप दो दिन से फंसे, खाने-पीने की व्यवस्था तक नहीं है। कई यात्रियों ने बताया कि वे पिछले दो दिनों से एयरपोर्ट पर ही फंसे हुए हैं। उनका कहना है कि एयरलाइन द्वारा न तो उचित



जानकारी दी गई और न ही भोजन-जल की व्यवस्था की गई। शुक्रवार को जब यात्रियों ने विरोध किया, तब जाकर थोड़ी-बहुत व्यवस्था की गई।

कुछ यात्री एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के बाहर जमीन पर बैठने को मजबूर रहे। यात्रियों ने कहा कि इतनी बड़ी एयरलाइन द्वारा इस प्रकार का व्यवहार बेहद निराशाजनक और अस्वीकार्य है। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से बताया गया कि हालात पर नजर रखी जा रही है और यात्रियों की सुविधाओं के लिए एयरलाइन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं लगातार व्यवधान के बीच इंडिगो एयरलाइन ने शनिवार को 11 बजे से 2 बजे के बीच चरणबद्ध तरीके से सीमित उड़ानों को शुरू किया।

# लेडी सिंघम नीतू काद्दयान के 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' से बड़ा खुलासा

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** जनपद के वरुणा जोन की लेडी सिंघम एडीसीपी नीतू काद्दयान के कुशल मार्गदर्शन और सख्त निर्देश पर, लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत कार्रवाई करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चोरी का लाखों का माल बरामद किया गया है। पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर आज (06.12.2025) दोपहर करीब 2:20 बजे गोईठहा रिंग रोड के पास घेराबंदी की और चार आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी और बरामद माल*गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विक्की बेनवंशी, आरिफ उर्फ शाहरूख,



वाराणसी में चार शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

रोहित बेनवंशी और एक महिला आरोपी ललिता उर्फ सपना के रूप में हुई है, ये सभी नई बस्ती, पाण्डेयपुर, लालपुर पाण्डेयपुर के निवासी बताए गए हैं। चोरी की गई सफेद व पीली धातु (चाँदी और सोने) के विभिन्न आभूषण।, कुल 31,500 रुपये नकद, अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामदगी के साथ आठ बड़ी घटनाओं का खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान, इन शातिर चोरों ने वरुणा जोन के अंतर्गत आने वाले लालपुर पाण्डेयपुर, शिवपुर, सारनाथ और रोहनिया थाना क्षेत्रों की कम से कम आठ अलग-अलग चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इन सभी मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 380 (चोरी) और अन्य संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे रात के समय एक चोरी की गई मोटरसाइकिल पर घूमते थे। उनका निशाना बंद पड़े मकान होते थे, जिनका ताला तोड़कर वे अंदर घुसते थे और गहने, नकदी तथा अन्य कीमती सामान चुराते थे। सबसे शातिराना तरीका चुराए गए माल को ठिकाने लगाने का था। आरोपी ललिता उर्फ सपना (जो मुख्य आरोपी विक्की की माँ है) राहगीरों और अन्य महिलाओं को अपनी मजबूरी बताकर, चुराए गए गहनों को औने-पौने दामों पर बेच देती थी। चोरी से मिले पैसे का इस्तेमाल आरोपी खाने-पीने और जुए जैसी गतिविधियों में उड़ाते थे।

इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने किया। टीम में उपनिरीक्षक प्रभाकर सिंह, महेश मिश्रा, मानवी शुक्ला सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है और इस गिरोह के अन्य फरार साथियों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बरामद माल को जल्द ही न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सुरेरी पुलिस टीम ने हरा नीम का पेड़ काटने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** थाना सुरेरी पुलिस टीम ने हरा नीम का पेड़ काटने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार। थाना सुरेरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पाल्हनपुर में रामलाल पटेल पुत्र तुलसी पटेल ग्राम पाल्हनपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर द्वारा नीम का पेड़ काटा जा रहा है। इस सूचना पर उ0नि0 शेषनाथ साहनी मय हमराह के साथ मौके पर पहुचकर देखा गया तो रामलाल पटेल उपरोक्त द्वारा हरे नीम का पेड़ काटा जा रहा था, कारण गिरफ्तारी बताकर रामलाल पटेल उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा उ0नि0 शेषनाथ साहनी द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-170/25 धारा-4/10 उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रो में बृक्षों का संरक्षण अधिनियम थाना सुरेरी जनपद जौनपुर बनाम रामलाल पटेल पुत्र तुलसी पटेल ग्राम पाल्हनपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर के विरुध्द पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# किसानों के दी मृदा स्वास्थ्य की जानकारी



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** महाराजगंज बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा पोखरा पंचायत में में मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोखरा, रतनपुरा, मठिया ,बलिया सहित - विभिन्न गांवों से आए किसान शामिल हुए। महाराजगंज की प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करना आवश्यक है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही दीर्घकालिक मृदा संरक्षण कर सकते हैं। तकनीकी विशेषज्ञों ने रबी मौसम की तिलहनी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा परीक्षण की विधि और परिणाम आधारित उर्वरक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय खाद्य मिशन (तिलहन) के सरसों एवं तीसी की क्ल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनी के बारे में भी बताया गया। उन्नत किस्मों मस्टर्ड -37 एवं सबौर तीसी--विशेषताओं से किसानों को अवगत कराया गया। प्रगतिशील किसान बिनोद सिंह, अरुण कुमार प्रसाद, दिनेश कुमार आदि ने अपने विचार को साझा किए। कार्यक्रम के अ किसानों को मृदा स्वास्थ्य का वितरण भी किया गया। प्रशिक्ष तारा देवी, कलावती देवी, खिलाड़ी महतो, मुसाफिर महतो स्तन महतो, पार्षद रसद, कृष्ण प्रसाद,आदि शामिल थे।

# बीसीओ की हड़ताल व पैक्स की सुस्ती से किसान

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** महाराजगंज बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू से ही मंथर गति से चल रही है, जिसके कारण किसानों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। सरकार की ओर से तय समय पर धान खरीद की शुरूआत तो हुई, लेकिन बीसीओ की हड़ताल और पैक्स समितियों की निष्क्रियता ने पूरे सिस्टम को धीमा कर दिया है। स्थिति यह है कि अब तक क्षेत्र के जिससे धान अधिप्राप्ति ना के बराबर है।, जबकि इस समय तक सामान्यतः बड़ी मात्रा में खरीद पूरी हो हो जाती थी। किसानों का कहना है कि इस बार पहले मौसम ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया। बारिश की कमी, फिर अचानक ओलावृष्टि और पाला गिरने से उपज पर सीधा असर पड़ा। अब जब वे अपनी उपज बेचने पहुंचे हैं, तो सरकारी तंत्र की सुस्ती ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है।

किसानों का आरोप है कि पैक्स समितियां सिर्फ नाम भर की रह गई हैं। कई जगहों पर किसान बताते हैं कि जब वे धान बेचने जाते हैं तो पैक्स प्रतिनिधि उपलब्ध नहीं मिलते या तकनीकी कारणों का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। पैक्स को अबतक मात्र एक लॉट का ही सीसी दिया गया है। किसानों ने बताया कि एक लॉट का सीसी आने में कई दिनों का समय लग रहा है, जबकि उन्हें खेत से धान निकालकर बाजार या खरीद केंद्र तक ले जाने में पहले ही बहुत खर्च और श्रम करना पड़ता है। ऐसे में देरी से उनका बोझ और बढ़ रहा है। कुछ किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पैक्स से उचित समर्थन न मिलने के कारण उन्हें मजबूर होकर बिचौलियों के आगे झुकना पड़ता है, जो उनसे कम दाम पर धान खरीद लेते हैं। इससे उन्हें सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसान कहते हैं कि जब सरकारी तंत्र से राहत की उम्मीद में वे केंद्रों पर पहुंचते हैं, तब वहां या तो खरीद बंद मिलती है या स्टाफ अनुपस्थित रहते है। उधर, पैक्स प्रतिनिधियों का कहना है कि बीसीओ हड़ताल की वजह से कागजी और तकनीकी प्रक्रियाएं ठप पड़ गई हैं, जिसके कारण खरीद में देरी हो रही है। उनका दावा है कि जैसे ही हड़ताल समाप्त होगी, अधिप्राप्ति गति पकड़ लेगी।

